'श्रीविश्वेश्वरः शरणम्'

रजत-जयन्ती

सम्वत् २००२

सम्पादक
श्रीदेवनायक-आचार्य.

पौषपौर्णिमा गुरु

श्रीः

संस्तव

श्रीरजतजयन्तीमहोत्सव के उपलक्ष्य में विद्यानुरागी महानुभावों को यत्किञ्चित् उपहाररूप यह पुस्तक सप्रेम समर्पित है। इस पुस्तक में निम्नाङ्कित विषय हैं—

१—मङ्गलाचरण
२—प्राक्कथन
३—उद्घाटनीय चित्रों का परिचय
४—सञ्चालक मेहता परिवार का परिचय
५—पचीस वर्षों के कार्य का विवरण
६—वेद सम्बन्धी संस्कृत लेख
७—वेद सम्बन्धी अंग्रेजी लेख

इन विषयों के अतिरिक्त इस पुस्तक में एक सौ चौदह चित्र दिये गये हैं।

साङ्गवेद विद्यालय जैसी मर्यादानुबद्ध सुव्यवस्थित आदर्शसंस्था के सम्बन्ध में निबन्ध लिखना बड़े उत्तरदायित्व का कार्य था। इस भार को उठाना शक्य न होता यदि सहृदय सहायकों का सहयोग न प्राप्त होता। इस सम्बन्ध में निम्नाङ्कित नामों का उल्लेख बड़ी कृतज्ञता और प्रेम से कर रहा हूं 'मिताक्षरा-विशेषज्ञ' प्रोफेसर विनायक विष्णु देशपाण्डे एम० ए० एल० एल० बी० हिन्दू विश्वविद्यालय। न्यायाचार्य पं० श्री हरिराम शास्त्री शुक्ल, पं० श्री गोपीनाथ शास्त्री मण्डलीकर, ज्योतिषाचार्य पं० श्रीरामनाथ जोशी, पं० श्री बेचू मिश्र शास्त्री एम० ए० एल्० एल्० बी०, पं० वैकुण्ठराम झा बी० ए० एल्० एल्० बी०, श्रीमान् लाला बाबू श्री दामोदरदास खन्ना, पं० श्री गणपतिशास्त्री हेब्बार साहित्याचार्य, पं० बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते पं० भानुशंकर शुक्ल (चित्र विभाग)

आप लोगों ने लगन और योग्यता के साथ अपने अपने विभाग को यथा समय सम्पन्न किया जिसके फल स्वरूप यह कार्य सुसम्पादित हो सका। भगवान् वेदनारायण की सेवा में उच्चकोटिक अंग्रेजी लेख लिखकर प्रोफेसर देशपाण्डेय महोदय ने पाश्चात्य शिक्षित विद्वानों में शास्त्रीय विचारोंको पहुंचाने का श्रेय प्राप्त किया है।

—सम्पादक

धर्मप्राण प्रातः स्मरणीय लक्ष्मणशास्त्री द्राविड।

धर्मप्राणद्रविड श्रीलक्ष्मणशास्त्रिगुरुपदाम्भोजे।
हृदि मे सन्निदधातां दधतां स्वातन्त्र्यबुद्धिकरे॥

जन्म सं० १९३१] स्थापन सं० १९८८ [परलोक सं० १९८८

He was an eminent Scholar of Darshan Shastra at whose inspiration this Vidyalaya was founded. He was, not only a famous intellectualist of his time but, also, took keen interest in the politics, religious movements of the day. In fact he created interest in such movements in the Sanatani masses.

DHARMAPRAN Pt. LAKSHMAN SHASTRI DRAVID.

मङ्गलाचरणम्

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम् ।
यत्कृपातमहं वन्दे परमानन्दमाधवम् ॥ १ ॥

—भगवान् वेदव्यास ।

व्यवस्थितार्यमर्यादः कृतवर्णाश्रमस्थितिः ।
त्रय्या हि रक्षितो लोकः प्रसीदति न सीदति ॥ २ ॥

—अर्थ शास्त्र ।

नाध्यापयिष्यन् निगमान् श्रमेणो—
पाध्यायलोका यदि शिष्यवर्गान् ।
निर्वेदवादं किल निर्वितान—
मुर्वीतलं हन्त ! तदाऽभविष्यत् ॥ ३ ॥

—विश्वगुणादर्श

उच्चैर्गतिर्जगति सिद्ध्यति धर्मतश्चेत्,
तस्य प्रमा च वचनैः कृतकेतरैश्चेत् ।
तेषां प्रकाशनदशा च महीसुरैश्चेत्,
तानन्तरेण निपतेत् क नु मत्प्रणामः ? ॥ ४ ॥

—भोजराज

१—मूक होइ वाचाल पंगु चढ़े गिरिवर गहन ।
जासु कृपा सो दयाल द्रवउ सकल कलिमल दहन ॥

२—वेदों के द्वारा ही जगत् में आर्यों की सत्य आदि मर्यादा की प्रतिष्ठा है । वर्णाश्रम धर्म की स्थिति भी वेदों से ही है । अतः वेदों से ही लोकरक्षा है । उसी के रक्षण से जनता अनार्यता से मुक्त रह सकती है ।

३—यदि अध्यापक गुरुजनों ने श्रमपूर्वक शिष्यों को वेदाध्यापन न किया होता तो संसार वेद शून्य तथा यज्ञ मर्यादा ज्ञान आदि से रहित हो जाता !

४—संसार में धर्म ही से उच्च गति, उन्नति प्राप्त होती है । धर्म की यथार्थ शिक्षा मनुष्य से अनिर्मित वेदों से ही है । उनका प्रकाशन करने का अधिकार, सामर्थ्य ब्राह्मणों को ही है । इसलिये हम कहते हैं कि उन ब्राह्मणों को छोड़ हमारा प्रणाम और किसको पहुँचे ?

श्रीमान् मेहता पं० वल्लभरामजी ।

यन्नाम्ना महताकुलकीर्तेर्विद्यालयस्य नामास्य ।
श्रीमान् वल्लभरामः स शुचीनां श्रीमतां मान्यः ॥

जन्म सं० १८६३] स्थापन सं० १९८० [परलोक सं० १९७५

MEHTA Pt. VALLABHARAMJI.

He was a great votary of learning and religion in whose memory this Vidyalaya was founded.

श्रीविश्वेश्वरः शरणम् ।
वेदोऽखिलो धर्ममूलम् ॥

प्राक्कथन

जयन्ति गुरवोऽस्माकं येषां वात्सल्यवीक्षितम् ।
हरते हृद्गतं ध्वान्तं स्वान्तमाह्लादयन् मुहुः ॥ १ ॥
प्राची सन्ध्या काचिदन्तर्निशायाः । प्रज्ञादृष्टेरञ्जनश्रीरपूर्वा ॥
वक्त्री वेदान् पातु वो वाजिवक्त्रा । वागीशाख्या वासुदेवस्य मूर्तिः ॥२॥

पूज्य धर्माचार्य चरण ! धर्मदिवाकर श्रीमान् अध्यक्ष श्री काशीराज महाराज ! तथा समुपस्थित महानुभाव वृन्द ! सर्वेश्वरकी अनुपम अनुकम्पा से श्री वल्लभराम शालिग्राम सांगवेद विद्यालय आज भगवान् वेदपुरुषकी सेवामें अपने ऐतिहासिक जीवनका पचीस वर्ष सानन्द संपन्न करता हुआ इस महोत्सवके साथ आप महानुभावोंकी कृपा दृष्टि का भाजन हो रहा है ।

अनन्त विचित्रताओंसे परिपूर्ण यह विशाल विश्व, सृष्टिकर्ता के कलाओं की एक अद्भुत प्रदर्शिनी है । संकुचित मनोवृत्ति की स्थूल दृष्टि से देखने पर जहां यह सुख दुःख की उलझनों के सिवाय और कोई महत्त्व नहीं रखता, वहां विशाल हृदयता से सूक्ष्म निरीक्षण करने वालों को विश्वेश की असीम शक्तियों के परिचय के साथ प्रतिक्षण अभिनव अद्भुतरस का आस्वाद दिलानेवाली मनोरंजक एक उत्तम पहेली है । जिस में विजयके लिये एक ही गोल (लक्ष्य) है वह यह कि—अन्तिम कोटि का विज्ञान प्राप्त किया जाय । अन्तिम सिद्धान्त है कि जगत् का निर्माण बुद्धिपूर्वक हुआ है । इसका रचयिता अशेष विशेषों को करतलामलकवत् देखता हुवा प्रत्येक अणु परमाणु की गतिविधि एवं सार्थकता पर ध्यान रखता है । तृण या पहाड़, कीटाणु या ब्रह्मदेव, किसी की भी रचना बीज और प्रयोजन के विना नहीं हुई है । इस दृष्टि से जब एक एक वस्तु को उठाकर देखें तो आश्चर्य का पारावार नहीं रह जाता । मानव शरीर की कौन कहे, एक छोटे से प्राणिशरीर को भी बनाकर उसमें चेतना शक्ति का सञ्चार कर देना, अभीतक मानव बुद्धि के परे की बात है । अधिक से अधिक विनाश, जल्दी से जल्दी कर देने में ही मानव विज्ञान की अन्तिम उन्नति समाप्त हो जाती है ।

क्या यह कम आश्चर्य की बात है कि, असंख्य फल फूल पत्तों को चित्र विचित्र रूपमें उत्पन्न करने की शक्ति, छोटे छोटे बीजों में किस प्रकार निहित रहती है ।

क्या विशाल भूगोल, नक्षत्र, ग्रह आदिकी सुव्यवस्थित स्थिति एवं गति, कल्पना शक्ति को हिलोरा देनेवाली नहीं है ? क्या मानव शरीर की रचना के साथ उसके अन्तर्जगत् की लोकातीत विशालता और अद्भुतता चमत्कार पूर्ण नहीं है ?

इन सब बातों को यथावत् कार्य कारण भाव के गणित के साथ जानना, बनाना, फिर उसपर नियन्त्रण रखना आदि ऐसे कार्य हैं जिन्हें देखकर विश्व के रचयिता का स्मरण सर्वज्ञ, सर्वेश्वर, सर्वशक्तिमान् आदि शब्दों से बुद्धिमान्जन किया करते हैं।

महर्षि व्यास के कथनानुसार ऐसे सर्वज्ञ, सर्वेश्वर, सर्वशक्तिमान को भी एक कौतुक रहता है, वह यह कि उसके कौशल को समझने वाले कुछ ज्ञानी लोग भी हों जिन्हें समझ समझ कर आनन्द मिलता रहे।

बहुत से जलचर, स्थलचर, नभचर आदि प्राणियों का निर्माण बड़ी कुशलता से करके भी सर्वेश्वर का यह कौतुक पूरा न हो सका। अन्तमें मानव प्राणी की रचना होते ही स्वयं सर्वेश्वर को परम हर्ष इसलिये हो उठा कि मनुष्य प्राणियों में यह योग्यता है कि वे विश्वेश की सारी कलायें समझ सकते हैं। इससे सारांश यह निकलता है कि मानव जीवन का लक्ष्य (गोल) सर्वोच्च ज्ञान प्राप्त करना ही ईश्वराभिमत अन्तिम लक्ष्य है। इसीलिये योगियाज्ञवल्क्य ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि "अयं तु परमो धर्मो यद्योगेनात्मदर्शनम्"। भगवान् ने तो ज्ञानियों के लिये "ज्ञानी त्वात्मैव मे मत:" तक कह दिया है। अब प्रश्न यह खड़ा होता है कि जैसा ऊपर वर्णन किया गया है, निर्भ्रान्त एवं लोकातिशायी ज्ञान प्राप्त हो कैसे ? यद्यपि तर्कबल अपार है, उसके सहारे, बहुत कुछ विज्ञान की प्रगति होती दिखाई पड़ती है; किन्तु बहुत बड़ा दुर्गम क्षेत्र आगे पड़ा हुआ है, जहां तर्क शक्ति के किरण नहीं पहुंच पाते। उदाहरणार्थ आज सारे भूमण्डल के तार्किकों का दल शान्ति एवं सुव्यवस्था का मार्ग शास्त्रनिरपेक्ष केवल तर्कबल से निकालने में असमर्थ सिद्ध हुआ है। इस प्रकार जीवन के व्यावहारिक उपयोग में आनेवाली वस्तुओं के तत्त्वज्ञान में ही जब असमर्थ हो रहे हैं तो आध्यात्मिक जगत् की अत्यन्त परोक्ष बातों में तर्क सञ्चार की कथा "उद्बाहुरिव वामन:" के सिवाय और क्या हो सकती है।

'वेदोंका महत्त्व'

इस अवस्था में सब प्रकाशोंका प्रकाशक महाप्रकाश अनादि निधन शाश्वत "वेद" ही पथ-प्रदर्शक होकर आगे आता है। प्रत्यक्ष अनुमान से अगम्य वस्तु का अवबोध कराने से ही वेद अपनी असाधारणता रखते हैं। सर्वेश्वर ने विश्वनिर्माणार्थ यदि ब्रह्मदेव को प्रथम शिल्पी (इंजीनियर) नियुक्त किया है तो साथ ही उनके लिये दिग्दर्शक (गाइड) वेद नाम की वस्तु भी उन्हें दी है।

'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै" श्वेताश्वतरोपनिषत्।

मनु के शब्दों से तो ब्रह्मदेव की सारी कृतियां वेदके ही आधारपर हुई और होती हैं ऐसा प्रतीत होता है।

"वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे" ॥

वेदभगवान् की बताई हुई दिव्य योजना में शान्ति, समता, सुस्थिति और स्वतन्त्रता आदि मौलिकतत्वों का सुन्दर समन्वय अनुपम है।

राजनीति, अर्थनीति, व्यवहार नीति आदि समस्त नीतियों को सुनीति बनाने में धर्मनीति का सुवास लगाकर विषमय विषय को भी मधुमय माधुरीमें परिणत करने की वैदिक कला का आकलन कर सहृदय हृदय को वर्णनातीत आनन्द प्रतीत होता है।

कोई वज्र सम कठोर अस्त्रों के प्रयोग से शान्ति की विफल चेष्टा कर रहा है तो दूसरा कोमल कुसुमों की सुषमाओं से अन्तस्तल में शान्ति की विमल धारा बहा रहा है।

दण्ड और दण्डप्रणेता के विना ही परस्पर एक दूसरे के भला करने की पवित्र भावना वेद भगवान् की अमोघ योजना है जिसके व्यावहारिक रूप का उल्लेख—

'नैव राज्यं न राजाऽसीत् न दण्डो न च दाण्डिकः।
धर्मेणैव प्रजाः सर्वाः पाल्यमानाः परस्परम् ॥'

भीष्मपितामह के इस वाक्यमें किया गया है। कहने का तात्पर्य यह है कि ऐहिक और आमुष्मिक सभी प्रकार की अपेक्षाओं को सुचारु रूप से परिपूर्ण करने के लिये "वेद" इन दो अक्षरों से कही जाने वाली वस्तु भगवान् की एक अनुपम देन है।

इतिहास तथा वेद रक्षण का महत्व

सुरक्षा और संहार ये दो परस्पर विरोधी कार्य हैं। दोनों को करने वाली शक्तियां अवश्यमेव परस्पर विरुद्ध हैं। फिर भी कोई शक्ति बिना सर्वशक्तिमान् का सहारा लिये अपना कार्य करने में अक्षम है। इस नीति से एक ही सूत्रधार के हाथ की दोनों ही कठपुतली हैं। इन दोनों शक्तियों का कार्य विश्व-रचयिता की सृष्टिक्रिया आरम्भ होते ही बिगुल बजने पर वीर सैनिक सिपाहियों की भाँति उठ खड़ा होता है, फलतः जहां विश्वरक्षा के साधनों को सुरक्षित रखना, एक का काम होता है, वहां उक्त साधनों को विप्लुत करना दूसरे का। बस इसी देवासुर संग्राम से सारा इतिहास रंगा हुआ है।

यह एक ऐतिहासिक बात है कि अनादि निधन वेदोंका आविर्भाव होते ही दैत्यों ने उनका अपहरण किया—

उस समय विश्वरक्षा का प्रश्न अवश्य विषमसमस्या थी जिसे सुलझाने के लिये स्वयं सर्वेश्वर को मत्स्य रूप में अवतार लेना पड़ा। इससे स्पष्ट अवगत होता है कि वेदों की रक्षा का कितना महत्व है।

साथ ही यह मान लेना, अनुचित न होगा कि, वेदरक्षा करने में सावधानी रखने की शिक्षा देने के लिये ही भगवान ने यह अवतार धारण किया था।

इस आदर्श का बहुत बड़ा परिणाम यह देखा गया कि मानव समाज के चारो वर्गों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्रों) ने वेद महापुरुष की सेवा में अपना २ जीवन अर्पण कर दिया। ब्राम्हणवर्ग ने वेद के तत्वज्ञान के संरक्षणार्थ अध्ययनाध्यापन को स्वयंसेवक भाव से (धर्मभाव से) अपनाया। क्षत्रिय वर्ग ने वैदिक विधानों के अनुसार प्रजा को ले चलने तथा विपरीत मार्ग को रोकने में अपने प्राणोंतक की बाजी लगादी। वैश्य वर्ग ने वेदोदित राजन्यवर्गानुमत कार्यों को संपन्न करने के लिये अर्थार्जन तथा सद्विनियोग के द्वारा वेदसंरक्षण को अपना सर्वस्व समझा। वेदाभिमत शिल्प में अपने को तल्लीन कर शूद्र वर्ग ने वैदिक संस्कृति की अनुपम सेवा का भार प्राणपण से उठाया। फल यह हुआ कि वैदिक अनुशासन कालका इतिहास स्वर्णाक्षरों में लिखा हुआ आज भी विश्व को चमत्कृत कर रहा है।

वैदिक विधान एवं विज्ञान से भारतवर्ष की विशेषता

वैदिक विधानोंको पूर्णरूपसे पालन करनेके लिये उचित कालक्रम (ऋतुविकास) जल, स्थल, औषधि, कर्ता आदिकी अपेक्षा रहती है। प्राकृतिक नियमों को देखते हुये उपर्युक्त समस्त वस्तुयें विन्ध्य हिमाचल सह्याद्रिप्रभृति पर्वत, गङ्गा यमुना, सरस्वती, कावेरी, तुंगभद्रा, नर्मदा प्रभृति दिव्य नदियों वाली इस समुद्र-वसना पावन मातृ-भूमि श्रीभारत भूमिमें ही उपलब्ध होती है। फलतः ईश्वरीय व्यवस्था ऐसी प्रतीत होती है कि हृदयके रूपमें सारे भूमण्डल के मध्य भारतवर्ष एक केन्द्र स्थान है। यहाँ पर वैदिकविज्ञान की पूर्णकला विकसित होकर सारे भूमण्डलमें अनुकृति और विकृति रूप में फैली हुई है। इसीलिये यह सन्देश है कि—

> एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
> स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥ मनुः ॥

इस प्रकार वैदिक विज्ञान के आधार पर, सारे भूमण्डलका ही नहीं, वरन् सारे विश्वके सच्चालन में भारतवर्ष का हाथ रहा है। उदाहरणार्थ—"सूर्यगोल विश्व की सुस्थिति में किस प्रकार असाधारण कारण है यह बात किसी से छिपी नहीं है। वैदिक मत तो स्पष्ट है "सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च"। आगे इस सम्बन्ध में कहना यह है कि, सूर्यमण्डल अग्नितत्वप्रधान है इसबात को सभी मानते हैं। आधुनिक विज्ञान भी इस विषयमें भिन्नमत नहीं रखता।

साथ ही यह भी मानना पडता है कि अग्नि अपने अधिष्ठान भूत द्रव्य को जलाते हुये किसी अवस्था में स्वयं शान्त हो जाता है, सूर्यमण्डल का अग्नितत्व साधारण नियम के अनुसार अधिष्ठान द्रव्य को जलाता हुआ जारहा है, ऐसी स्थिति में वह समय आसकता है, जब कि वह शान्त हो जाय।

फिर उस दशा में विश्व विलय की अवाञ्छनीय आपत्ति कैसे टल सकेगी यह चिन्ता दूरदर्शिता

से विचार करने वाले वैज्ञानिक मण्डल में उत्पन्न हुई है, जिसका उत्पन्न होना सर्वथा उचित भी है। किन्तु कष्ट इस बात का है कि इसका हल अभी तक नहीं स्फुरित हो रहा है।

दूसरी ओर वैदिक विज्ञान को देखते हैं तो उसने इसका हल, अनादिकाल से निकाल कर रक्खा है। एक ओर अग्नितत्व इन्धन को जलाता रहे और दूसरी ओर इन्धन का पूरण (सप्लाई) भी होता रहे तो क्या पूर्वोक्त आपत्ति की आशंका रह सकती है ? यही कार्य वैदिक विधान में "यागकर्म" के द्वारा होता है, इसके वर्णन में—

"अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते" यह बात ध्यान देने योग्य है। इन बातों की ओर लक्ष्य देने वालों को यह मानना ही पड़ता है। कि भारत सारे विश्व का उपकारक है और उसका एकमात्र सहारा है "वेद"। इस प्रकार यद्यपि वेद सबके हितकारी हैं, फिर भी जैसा पहिले कहा गया है इसपर बराबर आपत्तियां आती ही रही हैं और उनका प्रतीकार भी होता ही रहा है। किसी समय तो दुरुपयोग देखकर आसुरभाव वालों के सम्मोहनार्थ स्वयं सर्वेश्वर ने भी बुद्धरूपमें आकर वेदविरुद्ध प्रचार बड़ी कुशलता से किया है। सम्भव है, असुर सम्मोहन के साथ अपने पूर्व शिष्य भारतीय वर्णाश्रमियों की परीक्षा भी भगवान् को इष्ट रही हो। जो कुछ भी हो, उस प्रसङ्गकी यह घटना उस मोहक स्थिति में भी एक भारतीय अबला के मुख से निकलने वाले "को वेदानुद्धरिष्यति" यह करुण शब्द भारतीय हृदय के वेदानुराग के एक प्रतीक हैं।

साथ ही उत्तर में आनेवाली "भट्टाचार्योऽस्ति भूतले" वीरोक्ति और तदनुसार प्राण तकको बलिवेदी पर चढ़ाकर वेद रक्षा करने की कृति स्पष्ट बतलाती है कि वेदों के लिये भारतीयों ने क्या किया और क्या कर्तव्य है और परीक्षा में कैसे उत्तीर्ण होना भारतीयजन जानते हैं। अस्तु।

ऐतिहासिक युगमें आगे चल कर उससे भी भीषण परिस्थिति वह थी, जब कि अपने शरीर को फाड़ फाड़ कर वेदतत्वोंको उसमें छिपाकर बचाना पड़ा, किन्तु उन अवस्थाओं में भी अविचल भाव से तत्कालीन वेदानुरागियों ने अग्नि परीक्षा दी।

कालक्रम के अनुसार इधर की दो शताब्दियों में सङ्कट का रूप परिवर्तित हुआ। इधर शिर कटने की भीति जाती रही, बदले में शिर बिगड़ने की बात आई।

वेदों की पुस्तकें जलाने के बजाय सुन्दर सुनहले जिल्दों में उच्च अट्टालिकाओं की मनमोहक चित्र विचित्र आलमारियों में पधराई गई, वेदज्ञ भी निर्भय होकर विचरने लगे, आलोचन प्रत्यालोचन भी चलने लगे।

कौन कह सकता है कि यह परिस्थिति कण्टकाकीर्ण घने जङ्गल और पहाड़ के बाद की सुन्दर निरापद राजमार्ग नहीं है। इसी आकर्षण में बहुत दूर आगे चलकर यह अनुभव आने लगा कि यह मार्ग शीतल मन्द सुगन्ध समीर से ठण्डा और स्निग्ध अवश्य है, पर इसके भीतर कालियकुल के विष-

धरों का निःश्वास भी छिपा है जो समूल जलाकर भस्म कर डालेगा। यह तो पहिले से भी भयावह है।

वर्त्तमान आपत्ति का स्वरूप

वेदों के सम्बन्ध में शङ्का उत्पन्न कर दी गई, पढ़ाई का रूप बदल डाला गया, विद्वान् परतन्त्र कर दिये गये, विपरीत शिक्षा का सम्मान बढ़ाया गया और इस शिक्षा को निःसार कर अपमानित किया गया, जिससे इस शिक्षा के लोगों को लज्जा का अनुभव होने लगा और दूसरों का उमङ्ग बढ़ा, इस शिक्षा के विद्वानों की क्रियाशक्ति अनेक उपायों से संकुचित कर दी गई जिससे उन्हें स्वयं अपने विषय में लज्जितपना का अनुभव आने लगा, फलतः विद्वान् लोग भी अपने बालकों को इस शिक्षा से हटाने की आपत्ति में फँसे, जिसका परिणाम यह हुआ कि आदर्श ही नष्ट होने लगा।

कहां तो भारत के सामान्य ग्रामों में "स्वतः प्रमाणं परतः प्रमाणम्" की ध्वनि शुक जैसे पक्षियों के मुख से सुनने की कथा है और कहां काशी जैसे विद्या और धर्म के केन्द्र में भी ब्राह्ममुहूर्त के समय गलियों में आने जाने वालों को वेद ध्वनि सुनने का सौभाग्य जाता रहा।

पवित्र वेदध्वनि लुप्त प्राय होने लगी। क्या करना! किधर जाना! किससे कहना! ऐसी विषम परिस्थिति में पुनः वही करुणनाद "को वेदानुद्धरिष्यति को वेदानुद्धरिष्यति" होने लगा। यह विक्रम बीसवीं शताब्दी का भीषण दृश्य है।

इसके इतिहास में भी सुनते हैं कि, रावराजा दिनकरराव के राम मन्दिरमें वेदविद्या संवर्द्धिनी सभा हुई, जिसमें उस समयके स्थानीय रईसों एवं विद्वानों ने भाग लिया। श्रीयुत मुन्शी माधवलाल जी के मस्तक पर चारों वेदों की पुस्तकें रक्खी गईं, उन्होंने सादर सोत्साह स्वीकार किया कि वेदोद्धार का कार्य प्राणपण से किया जायगा। पर दुःख की बात है कि, वेदरक्षा का कार्य आगे बढ़ न सका, प्रत्युत आपत्ति ही उत्तरोत्तर बढ़ने लगी और विवेकियों के हृदय में कम्प होने लगा कि दयामय सर्वेश्वर! त्रैलोक्य न्यारी काशी की यह दशा है तो वेद की नौका मध्य धारा, में डूबने वाली है, किसकी शरण जाऊं।

यद्यपि दुःख, दारिद्र्य, अवमान आदि सहन करते हुए तीव्र अभ्यास और गुरुभक्ति के बल से जहाँ तहाँ कतिपय विद्वान् लोग अध्ययन अध्यापन के द्वारा वेदरक्षा के लिये सराहनीय प्रयत्न कर रहे थे। राजकीय विद्यालय, अर्द्धराजकीय तथा प्रजापक्षीय विद्यालय प्रभृति बहुतसी संस्थायें, भी कार्य कर ही रही थीं। तथापि चिन्ता का कारण यह हुआ कि, सारा प्रयास प्राचीन आदर्शपर परस्पर समन्वित नहीं होता था। कहीं साधन तो कर्तृपक्ष परतन्त्र, कहीं कर्तृपक्ष स्वतन्त्र तो साधन नहीं। कहीं वेदका अभ्यास तो वहां अंगभूत शास्त्रों का सर्वथा अभाव और कहीं शास्त्र हैं तो अंगीवेद का सम्पर्क ही नहीं। इस प्रकार असमन्वित स्थिति में रहने के कारण सब कुछ होते हुये भी उत्तरोत्तर ह्रास ही दिखने लगा। वेद और अंग शास्त्रों के अलग हो जाने के कारण यहां तक स्थिति पहुंची कि वेदाभ्यास करने वाले वैदिकों की अन्नान्न दशा उत्पन्न हो गई। बहुत से वैदिक जो निरन्तर वेदाध्ययन में ही अपना समय यापन

श्रीमान् महाराजाधिराज द्विजराज काशीराज
श्री ५ प्रभुनारायण सिंह शर्म बहादुर जी० सी० एस्० आई०, जी० सी० आई०, ई० एल्-एल्० डी० ।

उद्धर्तुं प्रबलोद्यमेषु विबुधेष्वाम्नायधर्मस्थितिं
साहाय्यं प्रति काशिराज उदितो नारायणः स प्रभुः ।
सोऽयं यस्य कराम्बुजात्समभवद्विद्यालयोद्घाटनं
यस्यादर्शनिदर्शनं तदनुगेष्वद्यापि विद्योतते ॥

THE LATE HIS HIGHNESS Dr. SIR PRABHU NARAYAN SINGH SHARMA BAHADUR G. C. S. I., G. C. I., E. L. L. D. OF BENARES.

He was himself very learned and gave much impetus to the spread of Sanskrit learning. He was the unrivalled patron of Sanskrit learning in his time. He was regarded as moving Vishwanathji by his subjects especially the residents of Benares town who always hailed him with the slogan of Har Har Mahadeo.

करने वाले थे, किसी समय कै० धर्मप्राण पूज्य श्री लक्ष्मण शास्त्री जी द्राविड महोदय के पास आकर अपने कष्टों को निवेदन कर कहने लगे कि यदि पेट भरने मात्र को चावल और नमक भी मिल सके तो हम लोग सानन्द वेदाभ्यास कर सकें और अपने बालकों को भी प्रवृत्त करें । शास्त्री जी, आज उसकी भी कठिनाई हम लोगोंके सामने है । पूज्य शास्त्रीजी को वेद पाठियों की यह दयनीय अवस्था देखकर भारी चिन्ता उपस्थित हुई और आपके हृदय में यही ध्वनि होने लगी कि—"को वेदानुद्धरिष्यति" ।

विद्यालय का उपक्रम

आपके चित्तमें परमात्माने अनुपम स्फूर्ति दी, जिसपर लोक मंगलकारी यह भावना उत्पन्न हुई कि वर्तमान युग की आपत्तियों का सामना कर वेदोद्धार का मार्ग प्रशस्त बनाना ही जीवन का लक्ष्य है । इस भावना को लेकर श्री शास्त्री जी ने भारत के ओर छोर तक अनेक रूपमें प्रयत्न किया जिनका वर्णन स्वतन्त्र विषय है जो कि अपने साथ एक पूरा इतिहास रखता है ।

यहां केवल उन घटनाओंका दिग्दर्शन कराना है जिनसे प्रस्तुत प्रसंगका प्राण शरीर सम्बन्ध है ।

यह स्मरण दिलाना अप्रासंगिक न होगा कि एक ही सूत्रधार सर्व शक्तिमान परमात्मा की सृष्टि में सुरक्षा और संहार की परस्पर विरोधिनी दो शक्तियों का संघर्ष अद्भुत घटनाओं को लिये हुए चलता रहता है ।

यह ऐतिहासिक बात है कि दोनों पक्ष की पूर्व तैयारी चिरकाल तक पीढी दर पीढी के सतत प्रयत्न के बाद ही सम्पन्न हो पाती है और तभी उनका क्रियात्मकरूप संसार के सामने आता है ।

वेदोद्धार की चिन्ता में विमल नागर वंशोद्भव मेहता परिवार के समुज्वल रत्न महात्मा श्री वल्लभ राम जी तथा श्री शालिग्रामजी के भागिनेय तथा अभीष्ट कार्य संचालक मेहता पं० श्रीबिहारीलालजी तथा मेहता पं० श्री किशोरीलालजीके साथ कलकत्तामें होने वाले कै० धर्म प्राण श्री शास्त्री जी के सत्परामर्शने वैदिक विपत्तिकी अंधियारीमें प्रकाश अध्यायका आरम्भ किया । आप महानुभावों को वर्तमान युग की कठिनाइयोंके सूक्ष्म निरीक्षण में सफलता मिली । आप लोग उन कारणों का ठीक विश्लेषण कर सके जिनसे वेद विद्या का दिनों दिन ह्रास हो रहा था, फलतः भगवदनुग्रह से आप लोगों को उन कारणों के निराकरण करने का समञ्जस उपाय निकालना शक्य हुआ ।

चिरकाल से परस्पर बिछुड़े हुये वेद और वेदाङ्गों का उचित सन्धान श्री साङ्गवेद विद्यालय के रूप में करने का निश्चय एक उत्तम आविष्कार हुआ, जिसपर आप महानुभावों को प्रसन्नता हुई । परन्तु चिन्ता यह बनी ही रही कि कोई भी आविष्कार राजशक्ति का अवलम्बन प्राप्त किये बिना फल पर्यवसायी प्रकाश में नहीं आ सकता । इस चिन्ता में भूतभावन भगवान् श्री काशीविश्वेश्वर ने अपनी त्रैलोक्य विलक्षण नगरी का राज्यकार्य भार जिन्हें दे रक्खा है ऐसे स्व० महाराज श्रीप्रभुनारायणसिंह जी बहादुर महोदय को इस लोकोत्तर कार्य के लिये प्रदान किया । इस प्रकार विद्या, लक्ष्मी और प्रभुशक्ति

इन तीन महाशक्तियों का अलौकिक सम्मिलन होते ही पावन सलिला भगवती भागीरथी गङ्गा के तीर श्री काशी विश्वनाथ की नगरी रामघाट पर विक्रम सम्वत् १६७७ माघ शुक्ल त्रयोदशी रविवार के शुभ दिन शुभ घड़ी में उक्त श्री काशीराज महाराज श्री प्रभुनारायण सिंह जी बहादुर महोदय के करकमलों से धार्मिक जगत के प्रेमपात्र इस "श्री वल्लभराम शालिग्राम साङ्गवेद विद्यालय" का आविर्भाव हुआ।

आरम्भिक संस्थापकों का संस्मरण।

प्रतिष्ठापित होने के दिनसे इस महाविद्यालयने आजतक पचीस वर्षोंमें जो कुछ कार्य किया है उसका दिग्दर्शन कराने को आरम्भ करने के पूर्व यहाँ विद्यालय पर बीती हुई कुछ दुःख और सुख की घटनाओंका वर्णन कर देना अनुचित न होगा।

ऊपर के वर्णनों से आप महानुभावों को विदित हो गया होगा कि किन किन महापुरुषों के सम्बन्ध से इस पवित्र अनुष्ठान की प्रतिष्ठा हुई है। विधाता का विधान समान रूप से विश्व की गति विधिपर लागू होता है। जो सर्वथा अनिवार्य है।

अल्पवय में ही शनैः शनैः विद्यालय को अपने प्रतिष्ठापकों का वियोग सहन करना पड़ा। वे समय विद्यालयके जीवन कालमें बड़े दुःखके थे। विद्यालयको, उद्घाटनके अनन्तर द्वितीय वर्षमें सर्व प्रथम वियोग अपने प्राणदाता मेहता पं० बिहारीलाल जी का हुआ। अनन्तर सम्वत् १६८८ में आचार्य धर्मप्राण श्री लक्ष्मण शास्त्री द्रविड़ महोदय का असाधारण वियोग कष्ट सहन करना पड़ा। इसी वर्षमें मेहता पं० किशोरीलाल जी संन्यास ग्रहणकर ब्रह्मीभूत हुए। विद्यालय का उद्घाटन कर महाराज श्री काशीनरेश ने इसे सदा प्रोत्साहित किया। स्थायी सभापति के पद को अलंकृत कर सदा इसके कार्यों को देखते थे, वार्षिकोत्सवों में पधारते थे, ग्यारह वर्षों के अनन्तर सम्वत् १६८८ में विद्यालय को आप का वियोग वज्र आघात पड़कर खिन्न करना ही चाहा कि तुरन्त राज्य के अन्यान्य कार्यों के साथ अन्तरंग एवं अपने प्रिय कार्य के रूप में इस विद्यालय के कार्य को श्री काशीराज महाराज श्री ५ आदित्यनारायण सिंहजी महोदय ने सम्भाल लिया। आप अन्यान्य कार्यों का महान भार रहते हुये भी विद्यालय के कार्य को सम्पन्न करने में बहुत प्रसन्न होते थे।

एकबार तो यहां तक देखा गया कि राज्यारोहणोत्सवके दरबार का महान् कार्यक्रम था। मनमें संशय होता था कि इस गुरुतर कार्यभार के समय महाराज को अवसर कैसे प्राप्त होगा, किन्तु उनका भाव अन्यादृश था। यथापूर्व विद्यालयोत्सवके समस्त कार्यों को यहां पधारकर उस समय में भी आपने सम्पन्न किया। उस समय महाराज के यहाँ तक प्रेमोद्गार निकले कि यह तो घर का कार्य है। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में कभी भी ऐसा अवसर नहीं हुआ कि महाराज न पधारे हों। इसे आपने वार्षिक कार्यक्रम का नियम बना लिया था। अन्तिम वर्ष में यहां तक प्रसङ्ग था कि पूर्व दिन में स्वास्थ्य की दुर्बलता से पार्श्ववर्ती हितैषियों की सम्मति से न आनेका निश्चय हुआ, पर दूसरे दिन प्रातः काल एका-

श्रीमन् महाराजाधिराज द्विजराज काशीराज
श्री ५ आदित्यनारायण सिंह शर्म बहादुर केप्टन् के०सी०एस०आई०

प्राचीनैः प्राक्कृतानां विविधबुधजनारब्धलोकोपकार-
प्राग्भाराणां धुरं यो निरवहदनिशं विद्वदादिष्टमार्गः ।
एतं विद्यालयं यो निरदिशदमले विश्वविद्यालयत्वे
श्रीमानादित्यनारायणनृपतिरसौ राजते काशिराजः ॥

THE LATE HIS HIGHNESS ADITYA NARAYAN SINGH SHARMA BAHADUR CAPTAIN K. C. S. I. OF BENARES.

He took keen interest in the expansion of Sanskrit learning and especially in this Institution which has the proud previlege of claiming the Maharajas of Benares as its life presidents.

एक महाराज ने आज्ञा की कि विद्यालय के उत्सव में चलने की तैयारी की जाय। तदनुसार उस वर्ष भी महाराज उत्सव में पधारे थे।

ऐसे संरक्षक का वियोगदुःख, विद्यालय को सम्वत् १९९६ में सहन करना पड़ा।

इस प्रसङ्ग में पं० गोपालजी ठाकुर तथा पं० जानकीलालजी जानी का स्मरण होता है। आप महानुभाव इस विद्यालय के प्रबन्ध विभागमें थे। पं० गोपालजी ठाकुर ने प्रारम्भिक समय में बहुत लगन और योग्यता से कार्य को अग्रसर किया। अनन्तर पं० जानकीलालजी जानी ने बड़ी तत्परता और सुन्दरता से विद्यालयीय कार्यों को व्यवस्थित रूप से चलाया। इन लोगोंका वियोग प्रबन्धविभाग के लिये दुःसह था। पं० जानकीलालजी के हार्दिक प्रेम का परिणाम है कि उनके भागिनेय पं० वैकुण्ठ-रामजी झा बी०,ए०,एल०,एल०, बी० महोदय अपने मातुल चरणों का आदर्श पालन करते हुये विद्यालय का प्रबन्धकार्य कर रहे हैं।

इस प्रकार दुःख परम्पराका अनुभव करते हुये धीरता रखने कितना कठिन है, इस बात को सहृदयता से विचार करने वाले सभी सज्जन भली भांति जानते हैं। फिर भी इस विद्यालय को इस बीसवीं सदी के कठिन काल में वेदरक्षार्थ विश्वके सामने लाने वाले महानुभाव, जिनका कि पवित्र संस्मरण ऊपर किया गया है "महापुरुष थे"। उनका पाञ्चभौतिक देह क्षयिष्णु, पर उनकी पुण्यराशि अक्षय्य है, वह आज भी है और सदा बनी रहेगी, वे सदा अमर हैं, जीवित हैं, "कीर्त्तिर्यस्य स जीवति"।

वर्तमान संरक्षकों का समागम-

इतना ही नहीं, सभी उक्त महापुरुषों के परम सुयोग्य अभीष्ट कार्य-सञ्चालकों की छत्र छाया में विद्यालय को "फलेन सहकारस्य पुष्पोद्गम इव प्रजाः" की भांति परमोल्लास में क्लेशानुभव का क्षण मिलना ही अशक्य हो गया है।

आज "रजत-जयन्ती-महोत्सव" के अध्यक्ष पूर्वजों के सुकृत की महाविभूति, श्रीकाशीराज महाराज श्रीविभूतिनारायण सिंह जी महोदय अपने पूज्य पितृ देवों में अटूट श्रद्धा रखते हैं, आप में यह लोकोत्तर गुण है। आप सदा प्रत्येक कार्यमें सूक्ष्मता से ईक्षण करते हैं कि इस विषयमें बूढ़े दाऊजी, बड़े दाऊजी और दाऊजी कैसा करते थे।

"येनास्य पितरो याताः येन याताः पितामहाः।
तेन यायात्सतां मार्गं तेन गच्छन्न रिष्यति"॥

मनु महाराज के इस उपदेशका आदर्श आप में है। विद्यालय के कार्य को पितृदेव के सामने बहुत अल्पवय में ही आपने देखा था, उसी समय से इस कार्य में आपका आदर और उत्साह है। आप स्थायी सभापति हैं, विद्यालय आपसे सनाथ है। विद्यालयको उत्तरोत्तर अधिक प्रभुशक्ति का आश्रय

प्राप्त होगा, ऐसा पूर्ण विश्वास है। विनय, विद्यानुराग, प्राचीन मर्यादा की दृढ़ता, देवभक्ति आदि के सम्बन्ध में महाराज की बड़ी कीर्ति है। सब को पूर्ण आशा है कि आपका शासनसमय काशी की राजपरम्परा के इतिहास में स्वर्णअक्षरों में लिखने लायक होगा। आपकी पवित्रता से "श्रीकाशीराजके दर्शन में श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन" की भावना प्रजा वर्ग के अन्तःकरण में उत्तरोत्तर बढ़ेगी।

मेहता परिवार के वर्तमान सञ्चालक वेदशास्त्रसंरक्षक मेहता पं० मुरारीलालजी तथा मेहता पं० गिरधारी लालजी विद्यालय को उत्तरोत्तर उन्नत कर रहे हैं। आपलोगों की ऊँची भावना, धर्मनिष्ठा, वेदसंरक्षण कार्य में उत्साह और सबके ऊपर सरल-स्वभावता अनुपम है। ये दोनों ही भाई, गुणों में एक से एक बढकर हैं। इनके और भाई पं० मनोहर लाल जी तथा पं० गोविन्दलाल जी तथा पं० हरिलाल जी हैं। ये सब बड़े भाइयोंके आज्ञाकारी, विनीत एवं धर्मशील हैं। सबका प्रेम विद्यालयमें है। इस परिवार की यह उल्लेखनीय विशेषता है कि सब एक स्वभाव के धर्मात्मा हैं। और यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि इस कराल कलिकाल में यह मेहता परिवार भ्रातृप्रेम का एक अलौकिक आदर्शस्थल है। समस्त अनुजवृन्द अपने पूज्य अग्रज पं० मुरारीलालजीको रामसदृश सर्वमान्य करते हुये उनकी आज्ञा का पालन करना ही अपने जीवन का एक मात्र ध्येय मानते हैं। आप लोग आगे घरके बालकों को भी इसी ढङ्ग शिक्षित बना रहे हैं, यह बड़े हर्ष और आशा की बात है। विद्यालय की प्रतिष्ठा के समय मेहता पं० गिरिधारीलाल जी छोटे वय के थे। धर्मप्राण श्री शास्त्रीजी ने उद्घाटन के समय जो वक्तव्य दिया था, उसमें मेहता पं० मुरारीलाल जी के सम्बन्ध में जिन शब्दों को कहा था वे इस प्रकार हैं, "चि० मुरारीलाल जी को तो धन्यवाद के बदले अनेक बार सप्रेम आशीर्वाद है और परमात्मा से प्रार्थना है कि उनकी सब प्रकार से उन्नति करें और इसी तरह से धर्मसेवा में उन्हें कटिबद्ध रखें। यदि चि० मुरारीलालजी इसमें रातदिन न लग जाते तो यह कार्य इतने शीघ्र सुसम्पन्न होने में बड़ा ही सन्देह था, यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं है।"

भगवान की कृपा से इन सञ्चालक महोदयों का ऐसा उत्साह है कि विद्यालय की अर्थशक्ति उत्तरोत्तर बढ़ रही है। विद्यालय ने अनेक कार्यविभागों का आरम्भ किया है और आगे भी करने की योजना चल रही है। जो धीरे २ कार्यरूप में यथासमय परिणत होगी। सारांश यह है कि विद्यालय को अर्थ-सम्बन्ध में कोई चिन्ता नहीं है। इसी प्रकार बड़ों के शुभाशीर्वाद से इन लोगों को धर्मभगवान् उत्तरोत्तर उन्नत करते रहेंगे और विद्यालय का कार्य बढ़ता चलेगा।

तीसरी है विद्याशक्ति, जिसके सम्बन्ध में अधिक क्या कहा जाय "प्रवर्तितो दीप इव प्रदीपात्" की भाँति पण्डितराज श्रीराजेश्वर शास्त्री द्रविड़ महोदय आप महानुभावों के सामने हैं। वह भी समय था जब कि धर्मप्राण शास्त्रीजी के कैलासवास के अनन्तर समस्त धार्मिक जगत् एवं विद्यालय के अनुरागियों का हृदय इस बातके लिये क्षुभित और निराश हो रहा था कि इस वेदवृक्ष को आगे चलकर किस प्रकार सिञ्चन कर उत्तरोत्तर पुष्पित एवं फलित किया जावे, परन्तु भूतभावन

श्रीमन् महाराजाधिराज द्विजराज काशीराज–
श्री ५ विभूतिनारायण सिंह शर्म बहादुर।

सोऽयं सम्प्रति काशिभूपतिकुले सिंहासनाधीश्वरः
कैशोरेऽपि विशेषदर्शितगुणादर्शो बुधानां मतः।
प्राचीनाचलचुम्बिचन्द्रतुलया चेतः समानन्दयन्
भव्यानां सकलोत्तरोत्तर भुवामेकं समालम्बनम्॥

HIS HIGHNESS VIBHUTI NARAYAN SINGH SHARMA BAHADUR
MAHARAJA OF BENARES.

He is the present Maharaja of Benares and as such is the life President of this Vidyalaya. He not only follows but evinces keen interest in the Sanatan Dharma. May his interest in the welfare of this Institution increase and May Almighty grant him a long base of glorious rule and successful life.

भगवान श्री काशीविश्वेश्वर ने, जिनका कि वेदरक्षण करना निज कार्य है। सर्वतन्त्रस्वतन्त्र, शास्त्ररत्नाकर पण्डितराज श्रीराजेश्वर शास्त्री द्राविड के रूपमें एक ऐसी अलौकिकशक्ति को प्रदान किया कि जिससे शास्त्रिचरणों के वियोग की अमावस्या रूपी घोरनिशाके तम को दूर करती हुई इस विद्यालय के भविष्य को पूर्ण उज्वल किया।

इस महाविद्यालय की स्थापना का मुहूर्त पं० रत्न शङ्करजी ज्यौतिषी ने बताते समय कहा था कि "मुहूर्त इतना उत्तम है कि यह कार्य उत्तरोत्तर बढ़ता ही रहेगा"। शास्त्र सत्य है, प्रमाण है, भगवान्ने ऊपर कहे अनुसार उक्त शक्तित्रय का सम्मेलन बनाया है, इस ईश्वरीयविधान को देखते हुए कौन बुद्धिमान नहीं समझ सकता कि यह विद्यालय बढ़कर विश्वविद्यालय का सञ्चालन करेगा।

विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालय—

महानुभाववृन्द! काशी में ऐतिहासिक ब्राह्मणमहासम्मेलन सन् १९२८ में हुआ था। उसके स्वागताध्यक्ष स्व० काशीराज श्री ५ प्रभुनारायण सिंह जी महाराज बहादुर थे। अध्यक्ष मिथिलेश श्रीमान् महाराजा श्री ५ रामेश्वर सिंह बहादुर थे। सब सम्प्रदाय के धर्माचार्यचरण सन्निहित थे। सारे भारत के सुप्रसिद्ध विद्वान सम्मिलित थे। वहां धर्मप्राण श्री लक्ष्मण शास्त्री द्राविड महोदय ने विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालय का प्रस्ताव उपस्थित किया था जो सर्वसम्मति से बड़े उत्साह के साथ पास हुआ। उस प्रस्ताव को कार्यान्वित करने में बहुत समय तक उद्योग होता था। परम पूज्य धर्माचार्यचरण गोस्वामिकुलभूषण श्री १००८ गोकुलनाथ जी महाराज ने, अध्यक्षपद से उस कार्यसमिति का सञ्चालन किया था, जिसके लिये स्व० काशीराज महाराज श्री ५ आदित्यनारायण सिंह जी महाराज बहादुर महोदय की हार्दिक अभिलाषा थी। गत उन्नीसवें वर्ष के वार्षिकोत्सव के अवसर पर सभापति पद से आप ने जो भाषण दिया था उसका शेषांश यहां महाराज के शब्दों में ही उद्धृत किया जा रहा है, 'आशा है, इस विद्यालय से निकले हुये विद्वानों के द्वारा हमारे प्राचीन संस्कृति तथा सभ्यता की रक्षा होकर संसार में पुनः सुख तथा शान्ति का प्रसार होगा। हम पण्डितराज श्री राजेश्वर शास्त्री द्राविड, मेहता पं० मुरारीलाल जी तथा पं० गिरधारीलाल जी को अनेक धन्यवाद देते हैं कि, आप लोग तन-मन-धनसे इस संस्थाकी उन्नति के लिये संलग्न हैं। साथ ही श्री विश्ववन्द्य विश्वेश्वर से यह प्रार्थना है कि इस विद्यालय को भारतीयविशुद्ध संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में देखने का अवसर शीघ्र ही प्राप्त हो'। विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालय के कार्य अग्रसर होते देखने के लिये कै०म०म० गुरुवर्य श्री वामाचरण भट्टाचार्य महाशय,तथा त्यक्त म०म०कै०

श्री पञ्चाननतर्करत्न महाशय सदा लालायित रहते थे। धर्मप्राण शास्त्रीजी के कैलासवास के बाद श्री तर्करत्न महाशय ने अपने अन्तिम दिनों में यह इच्छा प्रकट की कि विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालय की परीक्षायें उनके सामने आरम्भ हो जायँ।

इस प्रकार परमशिष्टसम्मत "विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालय" का कार्यभार इस विद्यालय को दिया गया। विद्यालय की सञ्चालकसमिति ने इस गुरुतर भार को लेकर अबतक जो कार्य किया है, उसका विवरण इस प्रकार है।

विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालय की एक सञ्चालकसमिति स्थापित की गई है, जिसमें उन संस्थाओं के प्रतिनिधि हैं, जिनका कि इस विद्यालय से अबतक सम्पर्क स्थापित हुआ है।

संस्थाओं के नाम इस प्रकार हैं—

श्री संकेश्वरशङ्कराचार्यपाठशाला	काशी
श्री रामानुजसंस्कृतमहाविद्यालय	"
श्री युवराजकुमारीसंस्कृतपाठाशाला	"
श्री भूदेवचतुष्पाठी	"
श्रीछुटकामल गोकुलचन्द्र औषधालयान्तर्गत "आयुर्वेदविद्यालय"	
श्री शिवकुमारभवन	कलकत्ता

विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालय के सम्बन्ध में यह कह देना आवश्यक है कि इसका निर्माण विशुद्ध प्राचीन आदर्श पर हुआ है। इसकी मुख्य विशेषता यह है कि—स्वतन्त्र रूप में धर्मभाव से अध्ययनाध्यापन करने वाली गृहपाठशालाओं को उज्जीवित करते हुये समस्त विद्याओं और कलाओं का उज्जीवन करना प्रधान लक्ष्य है। विश्वविद्यालय नाम से युनिवर्सिटी की आधुनिक रीति का अनुसरण किया गया है, ऐसा नहीं समझना चाहिये।

श्री शिवकुमार भवन कलकत्ता, श्री छुटकामल गोकुलचन्द्र औषधालयान्तर्गत आयुर्वेद विद्यालय, इन दोनों संस्थाओंका उल्लेख करते हुये स्मरण हो आता है कि इन से भी श्री ५ काशीराज महाराज का घनिष्ट सम्बन्ध है। स्व० महाराज श्री ५ प्रभुनारायण सिंह जी महाराज बहादुर जब कलकत्ता पधारे थे तो स्वयं श्री शिवकुमार भवनमें जाकर देखा था और प्रोत्साहन दिया था। श्री छुटकामल गोकुलचन्द्र औषधालय जो यहीं रामघाट पर है उसका उद्घाटन स्व० महाराज के करकमलों से ही हुआ था जो आज तक सुचारुरूप से चल रहा है। इसके संस्थापक श्रीमान् लालाबाबू दामोदर दास

विद्यालय के सञ्चालक।

Promoters and Directors of the Yidyalaya

मेहता पं० मुरारीलाल जी।

मेहता पं० गिरधारीलाल जी

मेहता पं० मनोहरलाल जी

मेहता पं० गोविन्दलालजी

मेहता पं० हरिलाल जी

खन्ना महोदय यहां विद्यमान हैं, इस महोत्सव के आप स्वागतमन्त्री हैं. आप का उत्साह और कार्य-कौशल पूर्वजों की कीर्ति बढ़ाने वाला है। उक्त दोनों संस्थाओं के सञ्चालक आप हैं। ये दोनों संस्थायें धर्मप्राण श्री शास्त्री जी के संकल्प से जन्म पायीं हैं। श्रीमान् लालाबाबू धर्मप्राण शास्त्रीजी के अनन्यभक्त और कृपापात्र हैं।

विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालय की परीक्षाओं का आरम्भ संवत् १९९७ से कर दिया गया है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यालयीय छात्रों को 'विक्रमवर्षाशन" प्राप्त होता है। इस से परीक्षा को प्रोत्साहन मिलता है। इस आदर्श को लेकर अन्य विद्यालय भी अपने यहां व्यवस्था करें तो यह परीक्षा व्यापकरूप धारण कर प्राचीन संस्कृति के उज्जीवन में बहुत अग्रसर हो सकती है।

यहां तक इस संस्था के अवतरण का संक्षिप्त वर्णन सुनकर उसके उद्देश्य और उपयोगिता का परिचय प्राप्त हो जाता है।

फिर भी इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरणके रूपमें इतना ही कहना आवश्यक है कि-देशकी रक्षा धर्मके विना नहीं हो सकती और धर्म-रक्षा वेदों के विना नहीं हो सकती; इसलिये इस विद्यालय का एकमात्र उद्देश्य वेद-विद्याओं की रक्षा के द्वारा देश का वास्तविक हित-साधन करना है।

विद्यालय का स्वरूप —

इस महाविद्यालयमें इस समय ११ अध्यापक हैं। जिनमे से वेद की ५ शाखाओं के अध्यापनार्थ वैदिक विद्वान् हैं। शेष अध्यापक-न्याय, व्याकरण, ज्यौतिष, साहित्य तथा दर्शनों का अध्यापन करते हैं। विद्यालय में वेद की सर्वोच्च परीक्षा स्थापित की गई है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र को ५०) रु० पचास रुपयों का वर्षाशन यावज्जीवन देने की व्यवस्था विद्यालय की ओर से की गई है। यहां यह उल्लेखनीय बात है कि, जिस वर्ष में इस वर्षाशन दान का प्रारम्भ हुआ उस वर्ष में सभापति श्री काशीराज महाराज की ओर से आदर्श प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। महाराज के प्रधान मन्त्री श्रीमान् कर्नल बाबू विन्ध्येश्वरी प्रसाद सिंह ने घोषित किया कि परीक्षोत्तीर्ण इन वैदिकों को महाराज भी पचास२ रुपये का वर्षाशन समर्पण करते हैं। इससे वैदिकों का उत्साह अनन्तगुणित हो उठा। यह व्यवस्था यहां आने के समय मे वर्तमान महाराज तक चली आ रही है। इस प्रकार द्विगुण लाभसे सभी सर्वोच्च वैदिक परीक्षोत्तीर्ण विद्वानों को बड़ा सन्तोष रहता है।

इस परीक्षा में विद्यालय के छात्रों के अतिरिक्त बाहर के भी छात्र सम्मिलित किये जाते हैं। विद्यालय तथा भिन्न प्रान्तों को मिलाकर अब तक २२ छात्र उत्तीर्ण होकर वर्षाशन के अधिकारी हुये हैं। यह अतिकठिन शलाका परीक्षा है, इसमें उत्तीर्ण होनेवाला छात्र उस शाखा में सर्वमान्य विद्वान् समझने लायक हो जाता है।

इसके अतिरिक्त शास्त्रविभाग में भी सर्वोच्चपरीक्षा की स्थापना हुई है जिसमें विशेषरूपसे उत्तीर्ण होने वाले छात्र को एक कालीन ५०००) पांचहजारका पुरस्कार देनेकी घोषणाकी गई है।

विक्रमादित्य वर्षाशन—

विद्यालय में विक्रम वर्षाशन की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के अनुसार उत्तम कक्षा की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यालयीय प्रत्येक छात्र को १००) एक सौ रुपये और मध्यम कक्षामें ५०) पचास रुपये एक कालीन प्राप्त होते हैं। यह वर्षाशन धर्मनिष्ठ योग्य विद्वानों को भी प्राप्त होते हैं।

इस वर्षाशन व्यवस्था में यह एक व्यापक व्यवस्था की गई है कि किसी भी विद्यालय का छात्र इसे प्राप्त कर सकता है यदि वह विशुद्धसंस्कृतविश्वविद्यालयकी वार्षिक परीक्षा उत्तीर्णकर उस विषय में गणेशोत्सव के शास्त्रार्थ में विजयी हो। इस वर्षाशन की घोषणा विक्रमसंवत् २००० में हुई थी।

गृह-पाठशालाओं के उज्जीवनार्थ पाक्षिक परीक्षा का विधान है, जिसके अनुसार विद्यालय के बाहर गृहपाठशाला में पढ़ाने वाले विद्वानों को, पाक्षिक परीक्षा में छात्रको उत्तीर्ण कराने पर पुरस्कार दिया जाता है।

विद्यालय में छात्रों के प्रोत्साहनार्थ पाक्षिक, त्रैमासिक, तथा वार्षिक परीक्षाओं का नियम रक्खा गया है। इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को भी पुरस्कार दिया जाता है।

विद्यालय ने अबतक वेद एवं शास्त्र, दोनों विभागों को मिला कर अनेक विद्वानों को तैय्यार किया है, जिनमें से कुछ तो ऐसे हैं, जो आज विद्वन्मण्डल में बहुत उच्च सम्मान प्राप्त कर रहे हैं। अपने विषय में अनुपम विद्वान् समझे जाते हैं। साथ ही प्राचीन आदर्श के प्रतीक हैं।

छात्रावास—

छात्रों के निवास की सुविधा के उद्देश्य से कै० धर्मप्राण श्री शास्त्री जी के गुरुवर्य,म०म० कैलासचन्द्र शिरोमणि महाशय तथा म०म० श्री सुब्रह्मण्य शास्त्री महोदय के स्मारक रूप में कैलास भवन एवं सुब्रह्मण्यभवन नाम के दो भवनों की व्यवस्था की गई है। जिनमें से कैलासभवन में अन्नसत्र की स्थापना की गई है। यह अन्नसत्र कै० मेहता श्रीहजारी लाल जी की स्मृति में, 'श्रीहजारीलाल अन्नसत्र' के नाम से चल रहा है। अन्नसत्र में छात्रों को भोजन देनेके अतिरिक्त संन्यासियों की भिक्षा का भी प्रबन्ध है।

श्रीगणेशोत्सव—

श्री गणेश जी की उपासना से निर्विघ्न कार्यसिद्धि, लोक और शास्त्र में सुप्रसिद्ध है। विद्यालय में बड़े समारोह के साथ सञ्चालक, अध्यापक एवं छात्रों के सदुद्योग से, गणेशोत्सव भाद्रपद शुक्लपक्ष में मनाया जाता है। इसमें काशी का विद्वन्मण्डल तथा छात्रवृन्द सोत्साह भाग लेता है।

श्रीमान् बा० दामोदरदास खन्ना (लालाबाबू)

SHRIMAN B. DAMODARDAS KHANNA (LALABABU)

A meritorious lecturer and helper of Sanatan Dharma.

श्रीगीर्वाणवाग्वर्धिनीसभा

SHREE GEERVANAVAGVARDHINI SABHA.

चित्र परिचय पृष्ठ पर देख।

बीच में चौकी पर बायें से:-(१) पं० श्री गोविन्द शास्त्री शहापुरे (२) पं० श्रीपद्मप्रसादजी न्यायाचार्य अध्यापक मारवाड़ी संस्कृत कालेज काशी (विशिष्ठमध्यस्थ, संरक्षक) (३) बाबू धन्नू लाल जी (आय-व्यय निरीक्षक) (४) पं० श्रीविद्याविलास जी व्याकरण साहित्याचार्य अध्यापक ग. सं० कालेज काशी (५) पं० श्री नीलकण्ठ शास्त्री जोशी (उपसभापति, विशिष्ठमध्यस्थ) (६) पं० श्रीमंगलजी बादल (७) पं० श्री बेचूमिश्र शास्त्री एम् ए, एल्.एल्. बी. वकील (८) पं० श्रीमहादेवशास्त्रीखरण (९) पं० श्री गोविन्दशास्त्री दैजापुरकर उपसम्पादक सन्मार्ग काशी (१०) पं० श्रीगौतमजी ज्यौतिष अध्यक्ष काशीप्रान्तीय व० स्व० संघ (११) विद्वद्मान्य पं० श्री. ताराचरणभट्टाचार्य जी अध्यक्ष टीकमणी सं० कालेज काशी (१२) पं० श्री. वैकुण्ठरामजी झा. बी. एस्. सी. एल. एल बी. (कोषाध्यक्ष) (१३) सर्वतन्त्रस्वतंत्र, शास्त्ररत्नाकर, पण्डितराज श्रीराजेश्वरशास्त्री द्रावीड (संरक्षक) (१४) पं० श्री मुकुन्द शास्त्री पायगुण्डे (प्रधान लेखक, उपमंत्री, वेदवेदाङ्गाधीवेशन) (१५) पं०श्रीदेवनायक आचार्य (सभापति) (१६) रसायनविशारद पं०श्रीदुर्गादत्तजी (संरक्षक, विशिष्ठमध्यस्थ, उपसभापति) (१७) पं० श्री लक्ष्मणशास्त्री हैदराबादकर, (विशिष्ठसदस्य) (१८) पं० श्रीजयरामशास्त्री शुक्ल (मध्यस्थ) (१९) पं०श्रीत्रि० वि० देशपाण्डे मिताक्षराविशेषज्ञ, प्रो. लॉ कॉलेज हि. यु. काशी (विशिष्ठमध्यस्थ) (२०) पं० श्री. सनक नंदन पाठक (मध्यस्थ) (२१) पं० श्रीशिवनाथजी झारखंडी-विद्वद्रत्न एम० ए० एम० एस्-सी (२२) पं० श्री राजारामजी अकूत एम० एस०सी. सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल।

बैठेहुये बाये से—(१) पं० श्र. देवशङ्कर जी सामवेदी (उपसभापति, विशिष्ठमध्यस्थ) (२) पं० श्री. रामशास्त्रीसोलापूरकर (३) पं० श्री. रामचन्द्र शास्त्री पणशीकर (४) पं० श्री. मूलशंकर शास्त्री व्यास वेदान्ताचार्य सम्पादक अच्यूत मासिक काशी (५) पं० श्री. रामनाथ जी ज्यौतिषाचार्य (६) पं० श्री. रामचन्द्रशास्त्री खरणंग मिमांसाचार्य उपाध्यक्ष गोयनका संस्कृत कालेज काशी (७) पं० श्री. गोपीनाथशास्त्री जी मण्डलीकर (उपसभापति, कार्यदर्शकमंत्री, सहकारी कोषाध्यक्ष) मंत्रीकाशी-वर्णाश्रमस्वराज्यसंघ काशी (८) पं० श्री० हरिरामशास्त्री जी शुक्ल न्यायाचार्य (प्रधानमंत्री) (९) वैदिकशिरोमणी पं० श्री. गणेशदीक्षितजी (उपसभापति, विशिष्ठमध्यस्थ) (१०) पं० श्री. रामाचार्य जी- (उपसभापति, विशिष्ठमध्यस्थ) (११) पं० श्री. अनन्तरामगुरुजी पटवर्धन (विशिष्ठमध्यस्थ) (१२) पं० श्री. गंगाधरभट चांदेकर (विशिष्ठमध्यस्थ)।

खड़े बायें से:—(१) पं० श्री. उपेन्द्रजी राजहंस व्याकरणशास्त्री अध्यक्षसतुवाबाबा संस्कृत पाठशाला (मंत्री जातीतत्वविवेचिनी, उपमंत्रीसभा, उपमंत्री वक्तृत्वाधिवेशन) (२) पं. श्री.भैरवनाथ पाण्डे (३) पं० श्री० मुकुन्दनाथभट्टराई (व्यवस्थाकारि) (४) पं० श्री. यदुवंशपाठक अध्यापक युवराजकुमारी संस्कृतपाठशाला (मध्यस्थ) (५) श्री हरेकृष्णदातार (व्यवस्थाकारि) (६) पं० श्रीदत्तात्रेय दीक्षितद्रोण प्रचारक काशीप्रान्तीयवर्णाश्रमस्वराज्यसंघ (७) पं० श्री गणपति शास्त्री हेब्बार (प्रधानलेखक मंत्री वेदवेदाङ्गधीवेशन) (८) पं० श्री.रामचन्द्र शास्त्रीमण्डलीकर (मध्यस्थ) (९) पं०श्री रामचन्द्रशास्त्री जोशी (मंत्री वक्तृत्वाधिवेशन, व्यवस्थाकारी) (१०) पं० श्री. जनार्दनशास्त्रीखुण्टे ज्यौतिषाचार्य न्यायरत्न-सम्पादक यशवंत पञ्चाङ्ग (व्यवस्थाकारि) (११) पं० श्रीशम्भुरामजी जानी (१२) पं० श्री० विश्वनाथ शास्त्रीदातार (उपमंत्री व्यवस्थाकारि) (१३) पं० श्री. नीलकण्ठराव जोशी. एम. ए. (१४) पं० श्री रामचन्द्रशास्त्री होसमने (मध्यस्थ, व्यवस्थाकारि) (१५) पं० श्रीकृष्ण शास्त्री-मोकादे व्याकरणाचार्य।

इस उत्सव में विभिन्न शास्त्रों के छात्रों की वाद-प्रतियोगिता (शास्त्रार्थ) आदि उपयोगी कार्यक्रम रक्खे गये हैं। यहां की वाद-प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिया जाता है तथा उन के गुरुओं का सम्मान किया जाता है। यहां से विजय प्राप्त करने वाले छात्र का उस विषय में सर्वत्र आदर होता है। विद्वन्मण्डल में यहां के शास्त्रार्थ का बहुत गौरव है।

इसी प्रकार विद्यालय में श्रीशङ्कराचार्य जयन्ती, श्रीजयदेवाश्रमस्मृति सभा तथा सरस्वती उत्सव समारोह से मनाये जाते हैं। इन उत्सवों में वेदान्त, मीमांसा, और ईश्वर-भक्ति के सम्बन्ध में छात्रों की वाद-प्रतियोगितायें होती हैं। सरस्वती उत्सव में वेदों की तथा अन्यान्य लिखित पुस्तकों की पूजा के द्वारा सरस्वती की उपासना की जाती है।

लक्ष्मणपुस्तकालय–

इस नाम से विद्यालय का अङ्गभूत एक पुस्तकालय स्थापित है। जिसमें बहुत सी दुर्मिल पुस्तकों का सङ्ग्रह किया गया है। पुस्तकालय में हस्तलिखित पुस्तकों के सङ्ग्रह पर बहुत ध्यान दिया जाता है।

गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा–

धर्मशास्त्र के जटिलप्रश्नों के उपस्थित होने पर सिद्धान्तभूत उत्तर पाने की आतुरता धार्मिकों को हो जाती है। उचित उत्तर प्रदान करना एक महापुण्य कार्य है, और इससे धर्म का संरक्षण होता है। इसी धर्मभाव से विद्यालय में श्रीगीर्वाणवाग्वर्धिनीसभा की स्थापना हुई है। जो प्रायः बीस वर्ष से कार्य कर रही है। निःस्वार्थ भाव से यह सभा धर्मशास्त्रीय प्रश्नों पर अपने शास्त्रीय मत का अविच्छिन्न दान करती है।

अब तक सभा ने लगभग २००० दो हजार प्रश्नों के सम्बन्ध में निर्णय किया है। सभा के पास भारत के सभी प्रदेशों से प्रश्न आते रहते हैं। इस सभा का सम्मान सारे भारतवर्ष में है। जिनमें श्रीमान् काशिराज, नेपाल, धवलपुर, ग्वालियर प्रभृति राज्यों की ओर से भी आये हुए प्रश्न हैं। प्रान्तीय सरकारें भी समय समय धर्म-सम्बन्धी प्रश्नों पर यहां से दी हुई व्यवस्था का आदर करती हैं। इस सभा ने 'वेदापौरुषेयत्व' तर्क के आधार पर सिद्ध कर वर्तमान समय की भारी उलझन सुलझाया है।

इस सभा ने केवल धर्मशास्त्र ही तक सीमित न रह कर, राजनीति प्रभृति व्यवहार शास्त्रोंमें भी सराहनीय कार्य किया है। इस सभा के द्वारा अ० भा० वर्णाश्रम स्वराज्य संघ के अ० भा० विद्वत्परिषद् का भी बड़ा उपकार हुआ है। अ० भा० परिषद् की कार्यकारिणी समिति का भी कार्य विद्यालयीय श्री गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा करती है। कार्यकर्तागण तत्परता से कार्य करते रहेंगे तो आशा है कि यह सभा किसी दिन उच्चकोटि के न्यायालय का स्थान ग्रहण कर सकेगी।

यहां की विशेषताएं—

इस समय की मुख्य आपत्ति यह है कि वेदों के सम्बन्ध में पाश्चात्य विज्ञान के चमक दमक का सहारा लेकर बुद्धिभेद उत्पन्न कर दिया गया है। फलतः वेदाध्ययन में उत्साह होता ही नहीं फिर 'नष्टे मूले नैव शाखा न पत्रम्'' की स्थिति आ गई है। सर्व विनाशकारी इस बुद्धिभेद को हटाने के लिये बौद्धिक तुमुल संग्राम की अपेक्षा होती है। जिसमें व्यूहरचनाके क्रमसे समस्त वेद हृदय के समान मध्यवर्ती होकर सब को शक्ति-सञ्चार करते हैं। और शेष उपवेद (धनुर्वेद, गान्धर्व, आयुर्वेद प्रभृति),पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्मशास्त्र, आन्वीक्षिकी प्रभृति चतुर्दश विद्यायें तथा चतुःषष्टि कलायें चारो ओर से वेदमहापुरुष पर आनेवाले कुतर्क-असम्भावना प्रभृति अस्त्रों का दलन करती हुई वेद के विमल ज्योति का मार्ग प्रोज्वल बनाती हैं। यहां का सारा अध्ययन-अध्यापन तथा प्रचार इसी दृष्टि से होता है। सभी अङ्गविद्याओं का विनियोग वेद संरक्षण में करने की योजना इस विद्यालय की मुख्य विशेषता है। यह मानी हुई बात है कि केवल वेदाक्षरराशि के कण्ठस्थ करने मात्र से वेदकी रक्षा नहीं कही जासकती; जब तक ऊपर कहे गये प्रकार से समस्त अङ्ग विद्याओं के प्रबल उद्योग से बुद्धिभेद का राहूपराग न हटाया जाय। तात्पर्य यह है कि किसी शास्त्र विशेष में परीक्षा उत्तीर्ण कर नौकरी करने के उद्देश्य से नहीं, प्रत्युत शास्त्रोक्तविधान के अनुसार वेदरक्षा, धर्मरक्षा और देशरक्षा के उद्देश्य से यहां अध्ययनाध्यापन होता है। प्रबन्ध को सब से बड़ी विशेषता यह है कि अध्यापक एवं छात्रों को विद्यालय के सम्बन्धमें ममता का भाव रहता है। अपना निजी कार्य है, इसी भावना से पूर्ण स्वतन्त्रता का अनुभव करते हुए कर्तव्य बुद्धि से कार्य करते हैं। उन का सम्मान प्राचीन शिष्टपरम्परा के अनुसार दक्षिणा, वर्षाशन एवं पुरस्कार के द्वारा किया जाता है। भृति या मासिक वेतन को आधुनिक रीति को यहां आश्रय नहीं दिया गया है।

विद्यालय प्रबन्ध-सम्बन्धी दूसरी यह विशेषता आदर्शरूप है कि विद्यालय में वैदिक संस्कृति को हर प्रकार से प्रोत्साहन देने का विधान यथासम्भव रक्खा जाता है। यहां तक की विद्यालयभवन में विद्वान, वैदिक, महात्माओं तथा प्राचीन मर्यादा के संरक्षकों के ही चित्र ससम्मान रक्खे गये हैं। प्रायः इस प्रकार का संग्रह भारत में यह अद्वितीय है।

उपर्युक्त समस्त विशेषताओं की भी विशेषता जो इस महाविद्यालय को प्राप्त है वह यह है कि इसके विद्याविभागाध्यक्ष हैं-शास्त्ररत्नाकर सर्वतन्त्रस्वतन्त्र पण्डितराज श्री राजेश्वर शास्त्री द्राविड महोदय विद्यालय के ध्येय के साथ आपने अपने प्राणों को भी लगा रक्खा है।

वर्ष में जब कभी विद्यालय के ध्येय के अनुसार वेदों के अथवा धर्म के सम्बन्ध में जटिल प्रश्न उपस्थित होते हैं तो आप शरीर की परवाह न कर महीनों व्रतोपवास के द्वारा आध्यात्मिक बल से

इस संस्था के अध्यक्ष

सर्वतन्त्रस्वतन्त्र शास्त्ररत्नाकर—

पण्डितराज श्रीराजेश्वरशास्त्री द्राविड।

Sarvatantraswatantra Shastra Ratnakar —

PANDITRAJ SHRI RAJESHWAR SHASTRI DRAVID.

Honorary Principal of the Institution.

उसे हल करते रहते हैं। निरपेक्ष भाव से वेदों के लिये प्राण की बाजी लगाने वाले श्री कुमारिल भट्ट प्रभृति का नाम इतिहासों में पढ़ते थे, उस बात का स्मरण आपकी गति-विधि देखकर आया करता है। यह बात प्रसिद्ध है कि आप प्रथम नैयायिक हैं। मध्य-कालीन नव्य न्याय के अभ्यासी विद्वानों की प्रसिद्धि एक प्रकार की ऐसी है कि वे व्यवहारातीत होते हैं इसी बात को लेकर 'अवच्छेद-कावच्छिन्न" की हंसीभी कुछ आधुनिक व्यवहार-कुशल समझे जाने वाले लोग उड़ाया करते हैं। परन्तु वर्तमान युग के नैयायिक चूडामणि श्री शास्त्री जी ने न्याय शास्त्र के शास्त्रत्व को प्रकाश में ला दिया है। सत्य बात तो यह है कि न्यायशास्त्र शास्त्रों का भी शास्त्र कहा जाता है जिसका वर्णन इस प्रकार है—

मोहं रुणद्धि विमलीकुरुते च बुद्धिं
सूते च संस्कृतपदव्यवहारशक्तिम्।
शास्त्रान्तराभ्यसनयोग्यतया युनक्ति—
तर्कश्रमो न कुरुते कमिहोपकारम्॥

इतना कहने का उल्लास केवल इस लिए होता है कि—वस्तुतः वेदरक्षा के लिए अङ्ग-विद्याओं के विनियोग करने का आदर्श इस समय आप के ही द्वारा स्थापित हुआ है और इसी से विद्यालय ने आशातीत सफलता प्राप्त की है। इस प्रकार विद्यालय अपने वेदरक्षा के कार्य में सर्वत्र जो गौरव प्राप्त कर रहा है वह पण्डितराज श्री शास्त्री जी की प्रखर विद्या और तप के साथ कार्य-तत्परता का परिणाम है, इस बात को प्रायः सभी लोग जानते हैं इस प्रसङ्ग में आपके गुरुवर्य अप्रतिममूर्ति म० म० न्यायाचार्य महाशय श्री वामाचरण भट्टाचार्य की स्मृति अत्यन्त पुण्यप्रद है।

विद्यालयमें प्राचीन आदर्शों पर पूर्ण ध्यान रक्खा जाता है तदनुसार पूर्वाह्ण तथा अपराह्ण दोनों समय छात्रगण गुरुओंके पास विधिपूर्वक अध्ययन करते हैं। पूर्वाह्णमें यह विशेषता होती है कि सर्वप्रथम श्रीगणेशजी के सन्निधिमें सब लोग एकत्र होकर स्तोत्रात्मक प्रार्थना करते हैं उसके बाद पढ़ाई प्रारम्भ होती है।

इसी प्रसङ्ग में विद्यालय की यह विशेषता भी उल्लेखनीय है कि यहां के अध्यापक-मण्डल में सभी अध्यापक अपने अपने विषयमें पारंगत धुरन्धर विद्वान तथा सदाचार-परायण हैं। कुछ विद्वान ऐसे भी हैं जो स्वयंसेवक भाव से अध्यापन करते हैं। उनका आदर्श विद्यालयके लिये बड़े गौरव की बात है।

इस महाविद्यालय के कार्योंको फलाफल की दृष्टिसे देखते समय यह ध्यान रखना आवश्यक होगा कि हिमालय की पर्वत-मालाओं के मध्य उग्रवेग से बहने वाले गङ्गा प्रवाह के विपरीत दो हाथ प्रदेश पार करना प्रवाह के अनुकूल जानेवालों के २ लाख गज से भी अधिक महत्त्व रखता है।

आज दिन पाश्चात्य सभ्यता एवं संस्कृति के प्रतीप प्राचीन आदर्श पर आगे बढना गजेन्द्र और ग्राह के युद्ध से कम कठिन नहीं है। ऐसी स्थितिमें भी यह विद्यालय अपना कार्य प्राचीन आदर्श पर अग्रसर कर रहा है, यह बात संस्थापकोंके अमोघ पुण्य और आप महानुभावों की कृपाका परिचायक है।

धन्यवाद-

धर्माचार्य चरणों का शुभाशीर्वाद इस महाविद्यालय को सदा सम्बर्द्धित करता है। आज भी श्रीचरणों का सन्निधान ही सब प्रकार का सामर्थ्य प्रदान करता हुआ कार्यको सफल बना रहा है। इस लिये इन चरणों का संस्मरण कृतज्ञता के किन शब्दों में किया जाय कह नहीं सकते।

"आन्वीक्षिकीत्रयीवार्ताः सतीर्विद्याः प्रचक्षते।
सत्योऽपि हि न सत्यस्ता राजनीतेस्तु विभ्रमे॥
राजनीतिर्यदा सम्यङ्नेतारमधितिष्ठति।
तदा विद्याविदः शेषा विद्याः सम्यगुपासते॥"

इस उक्तिके अनुसार यह मानी हुई बात है कि श्री काशीराज महाराजकी प्रभुशक्तिका अवलम्बन प्राप्त न हुआ होता तो यह पुण्यकार्य इस विकट समय में यहां तक न आ सकता। आगे भी उत्तरोत्तर उन्नतिका पूर्ण विश्वास इसी अवलम्बन पर है, इसलिये इस सुकृत के आधार अध्यक्ष श्री महाराज को हार्दिक धन्यवाद के साथ समस्त धर्माचार्यचरण विद्वद्वृन्द एवं महात्माओं से प्रार्थना करेंगे कि सबकी शुभ कामना हमारे महाराजके उत्तरोत्तर अभिवृद्धिके लिये हो, जिससे कि प्रभुशक्तिके एक केन्द्र होकर, महाराज वेद तथा वैदिकधर्म के उद्धार कार्यसे अद्वितीय आदर्श हों।

इसी प्रकार मेहता-परिवार के सम्बन्ध में भी कहना है कि-इस समय जैसा आदर्श यहां स्थापित हुआ है वह धार्मिक जगत के लिये बहुत बड़ा अवलम्बन है। इस कार्यसे वेद भगवान् की अनुपम सेवा हो रही है।

आप महानुभावों को सर्वेश्वर भगवान् सब प्रकार से सामर्थ्यवान् बनावें यही प्रार्थना है।

विद्यालयके लिये सारी वस्तु एकत्र होने पर भी इसके कार्यों का भार जिनपर है, ऐसे अध्यापकवृन्द, प्रबन्धक तथा छात्रवृन्द अपने २ कार्यों को तत्परता से न सम्पन्न करते तो विद्यालय का मुख्यफल हो ही न सकता, अतः वे बड़े सम्मानके साथ धन्यवादार्ह हैं।

विद्वद्वृन्द, धनी-मानी-सज्जन, शाखा-पाठशाला तथा सहयोगी संस्थाओंका स्मरण बड़े आदर से करते हुये अनेकानेक धन्यवाद प्रदान करते हैं, जिनके सहयोगसे विद्यालय अपने कार्यमें अग्रसर हुआ है।

सब ओर ध्यान देते हुए सर्वज्ञ सर्वेश्वर सर्वशक्तिमान भगवान् का स्मरण हो रहा है, जिनके कृपा-कटाक्ष एवं शुभ संकल्प से यह सारी शक्तियां एकत्र होकर वेदोद्धार का सफल प्रयास कर रही हैं।

"वेदानुद्धरते जगन्निवहते भूगोलमुद्बिभ्रते-
दैत्यं दारयते बलिं छलयते क्षत्रक्षयं कुर्वते।
पौलस्त्यं जयते हलं कलयते कारुण्यमातन्वते—
म्लेच्छान् मूर्च्छयते दशाकृतिकृते कृष्णाय तुभ्यं नमः॥

यजुर्वेद

अजास्यः पीतवर्णः स्याद्यजुर्वेदोऽक्षसूत्रधृत् ।
वामे कुलिशपाणिस्तु भूतिदो मङ्गलप्रदः ॥

ऋग्वेद

ऋग्वेदः श्वेतवर्णः स्याद्द्विभुजो रासभाननः ।
अक्षमालाधरः सौम्यः प्रीतो व्याख्यापध्नोद्यतः ॥

नाट्यशास्त्र

नृत्तशास्त्रमिदं रम्यं मृगवक्त्रं जटाधरम् ।
अक्षसूत्रं त्रिशूलञ्च बिभ्राणं च त्रिलोचनम् ॥

इतिहास ।

इतिहासः कुशाभासः सूकरास्यो महोदरः ।
अक्षसूत्रं घटं बिभ्रत्पङ्कजाभरणान्वितः ॥

शिक्षा

शिक्षा शुभ्राऽभयकरा ज्ञानमुद्रासमन्विता ।
अक्षसूत्रा सकुण्डा च द्विभुजा दण्डपङ्कजा ॥

व्याकरण

सितं व्याकरणं ज्ञेयं मयूराभसटोदरम् ।
वीणाकरान्वितं दिव्यं दिव्यवस्त्रविभूषितम् ॥

छन्द

जपाकुसुमसङ्काशं छन्दो ज्ञेयं विचक्षणैः ।
चकोरास्यं जपापुष्पं शक्तिं बिभ्रच्छिखान्वितम् ॥

निरुक्त

इन्दुवन्निर्मलं शान्तं बकवक्त्रं कृशोदरम् ।
पाशपङ्कजसंयुक्तं साक्षसूत्रं सपुस्तकम् ॥

कल्प

कल्पस्तु कुमुदाभः स्याद्वायसास्यो महोदरः ।
कुठारदण्डाब्जहस्तो मेखलाकुण्डलान्वितः ॥

ज्योतिष

ज्योतिषञ्च बिडालास्यमिन्द्रगोपनिभं शुभम् ।
अक्षसूत्रं जपां बिभ्रद्धस्तयोर्दक्षवामयोः ॥

मीमांसा

सोमकीर्तिसमाभासं मीमांसाशास्त्रमुत्तमम् ।
अक्षसूत्रं दधद्दक्षे सुधापूर्णं घटं परे ॥

धर्मशास्त्र

धर्मशास्त्रं सितं शान्तं चारुवक्त्रं कुशासनम् ।
मुक्ताजपाक्षधृक्दक्षे तुलाहस्तन्तु वामतः ॥

साङ्ख्य

साङ्ख्यं तत्कापिलं बभ्रुवक्त्रमुज्ज्वलकुण्डलम् ।
जाप्यदण्डधरं दीर्घनखलोमजटाधरम् ॥

पातञ्जलयोग

पातञ्जलाभिधं रक्तं सर्पवक्त्रं सुतेजसम् ।
अक्षसूत्रं पताकाञ्च दधतं कुण्डलान्वितम् ॥

चतुःषष्टिकला

हस्तैः पद्मं रथाङ्गं गुणमथ हरिणं पुस्तकं वर्णमालां ।
टङ्कं शुभ्रं कपालं वरममृतलसद्धेमकुम्भं दधानाम् ।।
मुक्ताविद्युत्पयोदस्फटिकनवजपाबन्धुरैः पञ्चवक्त्रै ।
स्त्र्यक्षै र्वक्षोजनम्रां सकलशशिनिभां शारदां तां नमामि ।।

पुराण

पुराणं चम्पकाभासं शुकवक्त्रं च तुन्दिलम् ।
अक्षसूत्राभयं ज्ञेयं नानाभरणभूषितम् ।।

न्यायशास्त्र

अतसीपुष्पसङ्काशो न्यायो ज्ञेयो विपश्चिता ।
सिंहास्यो दक्षिणे सूत्रं ध्वजं वामकरे दधन् ॥

उद्घाटनीय चित्रों का परिचय।

श्रीरजतजयन्तीमहोत्सव के इस शुभ अवसर पर जिन चित्रों का उद्घाटन श्रीकाशीराज महाराज श्रीविभूतिनारायण सिंहजी बहादुर महोदय के कर कमलों से अभी ही होने वाला है उनका परिचय इस प्रकार है—

प्रथम शिलालेख है जिसमें विद्यालयोरम्भ समय का दिग्दर्शन करानेवाले पद्य हैं। इन पद्यों को विद्यालय के जन्मदाता धर्मप्राण कै० श्रीलक्ष्मणशास्त्री द्राविडमहोदयने निर्मितकर विद्यालय के पुस्तक (रजिष्टर) में लिखवाया था। श्री शास्त्रीजीके हस्ताक्षर भी उसमें हैं।

उसी का शिलालेख, इस महोत्सव के उपलक्ष्य में सञ्चालक महोदयों ने बनवाया है। कागज के लेख से अब शिलापर आया हुआ यह लेख इस बातका परिचायक है कि इस कार्य की दृढ़ता भगवदनुग्रह से भगवान् श्रीकाशी विश्वनाथके साथ है। इस शिला लेखके उपरिभाग में धर्मप्राण श्री शास्त्रीजीकी मूर्ति आज मूर्त आनन्द को देनेवाली महाराज के कर कमलों से उद्घाटित होगी।

दूसरे (२१) चित्र वेद तथा विद्याओं के हैं। जिनके नाम इस प्रकार हैं—

(१) ऋग्वेद (२) यजुर्वेद (३) सामवेद (४) अथर्ववेद (५) आयुर्वेद (६) धनुर्वेद (७) शिक्षा (८) कल्पसूत्र (९) निरुक्त (१०) व्याकरण (११) ज्यौतिष (१२) छन्द (१३) धर्मशास्त्र (१४) पुराण (१५) इतिहास (१६) न्याय (१७) मीमांसा (१८) साङ्ख्य (१९) पातञ्जल (२०) कला (२१) नाट्यशास्त्र।

इन चित्रों का निर्माण शास्त्रोक्तध्यान के आधार पर हुआ है। ध्यान के श्लोक चित्रों के साथ दे दिये गये हैं। इन चित्रों के उद्घाटन और प्रतिष्ठापन से विद्यालय विद्यामन्दिर का रूप धारण कर रहा है। इस आदर्श को अन्य विद्यालय भी अपनायें तो विद्योपासकों के लिये स्फूर्तिप्रद उत्तम भाव उत्पन्न हो। इन चित्रों का उद्घाटन कर महाराज आज पूर्व महापुरुषों के अभिलषित विश्व विद्यालय के रूपको परिपूर्ण बनायेंगे। प्रतीत होता है कि विद्यालय के पचीस वर्ष की उपासनाओं से सुप्रसन्न हो समस्त बेद और विद्यायें तथा कलायें साक्षात् मूर्त रूप धारणकर आज विद्यालय में प्रकट होने जा रहो

इन चित्रों में आप महानुभाव देखेंगे कि वेद तथा विद्याओं के मुख विभिन्न तिर्यक् एवं पक्षियों के आकार के हैं। इस बातको देख अनेक प्रकार की कल्पनायें बुद्धिमान लोग कर सकते हैं। यह अत्यन्त प्रसिद्ध बात है कि विश्ववन्द्य विघ्नेश्वर गजानन हैं। ऐसे ही वेद और विद्यायें भी मानवेतर मुखाकृति को धारण करते हुये भी विश्वोपकारक एवं विश्ववन्द्य हैं।

उन २ मुखाकृतियों में एक असाधारणता है जिसका वर्णन स्वतन्त्र विषय होगा।

बड़े महत्व की यह बात ध्वनित होती है कि वेद और विद्याओं का आनन्द लोकोत्तर एवं अलौकिक है, जिसके आस्वाद में बाहरी जगत् का दृश्य कुछ भी हो सौन्दर्य का ही प्रयोजक हो जाता है।

"सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यम्"

इन मुखाकृतियों में भी वेद और विद्या के लोकातिशायी आनन्दास्वाद को लेने वालों का ध्यान कुछ और ही होता है। जिसमें ये मुखाकृतियां प्रतिबन्धक नहीं हो पाती यही चमत्कार है। इसके अतिरिक्त दो महनीय विद्वानों के चित्र हैं।

प्रथम चित्र नागरज्ञातिभूषण पं० श्री सुन्दरजी दीक्षित ज्योतिर्विद् के पुत्र कै० श्रीरत्नजी दीक्षित का है। आपका जन्म काशी में संवत् १६०० के पौष शुक्ल त्रयोदशी मङ्गलवार के दिन हुआ। आपने वे० श्रीवामनभट्टजी से वेद तथा अपने पूज्यपिता जी एवं पं० श्रीलक्ष्मणजी से ज्यौतिष और मन्त्रशास्त्र का अध्ययन किया था। एक्कीस वर्ष की अवस्था में पं० चन्द्रदेवजीके साथ ग्वालियर जाकर आपने स्वरशास्त्र का सम्यक् अध्ययन किया। सैंतीस वर्ष की अवस्था में अपने पिता के कैलासवास के बाद से, उनके प्रवर्तित पञ्चाङ्ग को आपही आजीवन निर्माण करते रहे आप विलक्षण प्रतिभासंपन्न, उदार, सरल स्वभाव और सभी पर प्रेम रखने वाले थे।

पं० श्रीरत्नजी दीक्षित की ख्याति फलित और मुहूर्त के विचार में विशेष रूप से थी। बड़े २ राजा एवं रईसों से लेकर साधारण जनता तक में विशेष आदर था। इस विद्यालय के वर्तमान संचालकों के पूर्वजों की आप पर विशेष श्रद्धा थी। फलतः श्रीसांगवेदविद्यालय का स्थापन आपके बतलाये मुहूर्त के अनुसार हुआ जिसकी रजतजयन्ती आप लोगों के समक्ष आज सोत्साह मनायी जा रही है।

आपके सभी कार्य नियमित एवं समय पर होते थे। प्रातः तीन बजे उठते थे तथा नित्यक्रिया से निवृत्त होकर सूर्योदय के पूर्व अग्निहोत्र करने के बाद सात बजे तक वेदपाठ करते थे। इसके बाद बारह बजे तक पञ्चाङ्गीय गणित करते थे। मध्याह्नोत्तर दो से पांच तक अपने व्यवसाय का कार्य करते थे और सायंकाल अग्निहोत्र के बाद रात्रि में नौ बजे तक छात्रों को अध्ययन कराते थे। आपके प्रधान शिष्यों में स्वर्गीय पं० जयमंगलदत्तजी तथा पं० नन्दरामजी प्रसिद्ध थे।

आपको पाँच पुत्र तथा एक कन्या हुई परन्तु दैव वश वे जीवित न रह सके। आपका कैलास वास संवत् १६७८ के चैत्र कृष्ण अष्टमी सोमवार को हुआ।

श्रीरत्नदीक्षितोऽसौ दैवज्ञो मान्त्रिकोऽग्निहोत्री च। उदयास्तं यावत् यस्यासीत् कर्म सर्वमपि नियतम्।

श्री० पं० रत्नजी दीक्षित ज्यौतिषी

श्रीरत्नदीक्षितोऽसौ दैवज्ञोमान्त्रिकोऽग्निहोत्री च।
यस्य मुहूर्ते विहितो विद्यालय एष नित्यमभ्युदितः॥

जन्म संवत् १६००] [परलोक सं० १६७८

स्थापन सं· २००२

Pt. RATANJI DIKSHIT.

He was a great Mantra-SHastri and a jyotishi.

म० म० पं० सुब्रह्मण्य शास्त्री

न्याये मीमांसयोश्चासीत्प्रामाण्यं यद्वचस्तयोः ।
पूज्यसुब्रह्मण्यशास्त्रि पदयोस्तु नमोनमः ॥

जन्म सं० १८६४] [परलोक सं० १९७६

स्थापन सं० १९८०

M. M. Pt. SUBRAMHANYA SHASTRI.

He was a famous scholar of Nyaya, Mimansa and Vedant in his time.

वैद्यराज श्री दण्टु सुब्बावधानी

श्री श्रीनिवासपूर्वत्रिलिङ्गविद्यासुपीठमुख्यतमः ।
श्रीमान् स दण्टुसुब्बावधानिवैद्योऽभिनन्द्यशास्त्ररतिः ॥

परलोक संवत् २०००

स्थापन संवत् २००२

VAIDYARAJ Pt. SHRI DANTU SUBBAVADHANI

He was the Peethadhipati of Tirumal Shri Niwas, Trilinga Vidyapeeth of Bezwada and a reputed Ayurvedic Physician who took keen interest in the other Shastras as well.

श्री० शङ्करभट्टजी इन्दापुरकर

श्रीमान् शङ्करभट्टो वैदिकमुख्योऽतिविश्रुतिं यातः ।
यः पुण्डरीकधामनि धार्मिककार्येऽग्रगश्चतुरः ॥

स्थापन सं० २००१

Pt. SHANKAR BHATTA INDA PURKAR.

He was a great scholar of Sukla Yajur Veda and a Sanatani leader of note at Pandharpur (Bombay Presidency.)

दूसरा

पण्डित श्री वैद्यराज दण्टु सुब्बाधानी का है आपका जन्म आन्ध्रप्रदेश कृष्णागोदावरी मण्डल के "नुजविडू" नाम के ग्राम में हुआ था । जन्म से ही आप प्रतिभाशाली थे । आपके पिता श्री वेङ्कटप्पय शास्त्री विद्वान् थे। आपकी शिक्षा और संस्कार बहुत व्यवस्थित रूप से हुये थे । आपने आयुर्वेद की शिक्षा स्वदेश तथा कलकत्ता मेडिकल कालेज में प्राप्त की थी। स्वल्प कालमें आप प्रख्यात विद्वान हुये। कविता में भी आपकी उत्तमप्रतिभा थी। पितृ चरणों के निधन के वाद अपने मातुलों के प्रोत्साहन से बेजवाड़ामें आप वैद्यवृत्तिसे रहने लगे।

आपने अनेक ग्रन्थों का निर्माण किया है, जिनका नाम इस प्रकार है।

१—कोमेड़ी आफ एरर्स का अनुवाद आंध्रभाषा में 'चित्र माधव'
२—अमृत सन्देश ।
३—अमृत लहरी ।
४—रोलम्बाष्टक । } संस्कृत भाषामय
५—शुकाष्टक ।
६—धेनुपञ्चक ।
७—कविकण्ठोक्ति ।
८—भामिनीविलास । } आन्ध्रभाषामय
९—वकुलमालिका ।

कलाशालास्थापन—

आपने गुरुभक्ति से अपने गुरुदेव श्रीअमृतानन्दनाथ के स्मारक रूप में "अमृतानन्दनाथ सर्वतन्त्रस्वतन्त्रकलाशाला" की स्थापना बेजवाड़ा में की। इस कार्य में आपके सहयोगी गुरुभक्त श्रीचुण्डरु वेंकटरेड्डी श्रेष्ठी महोदय ने एक लाख रुपये का दान किया है। यह एक आदर्श संस्था है।

आपके दो अनुज दण्टु श्रीपार्थसारथि और दण्टु श्रीश्रीनिवास शर्मा हैं। आप दोनों ही विद्वान् हैं।

विद्यालय के मुद्राचिन्ह 'सील' का परिचय—

मुखपृष्ठ पर विद्यालय का मुद्राचिन्ह मुद्रित है। इसमें आदिशेष पर श्रीमन्नारायण विराज रहे हैं। विश्वकल्याण के लिये देवतागण प्रार्थना कर रहे हैं। भगवान अभयदान दे रहे हैं। श्रीमन्नारायण के नाभिकमल से प्रकट होकर ब्रह्मदेव वहां विराज रहे हैं। ब्रह्मदेव के चार हाथों में चार वेद हैं।

उपर्युक्त सारे चित्र के चारो ओर से घेरने वाला वृत्त है। परिधिपर चौदह त्रिकोण कोष्ठक हैं।

जिनमें विद्यायें चारों बेदों के कवच के समान घेरकर बैठी हैं। इनका कार्य वेदों पर होने वाले आक्रमणो से वेद की रक्षा करना है। साथही वेदका तात्पर्य समझाने में सहायता करना भी इनका कार्य है।

पुनः उनके चारों ओर घेरने वाला दूसरा वृत्त है। जिसकी परिधि पर चौंसठ त्रिकोण कोष्ठकों में चौंसठ कलायें हैं। इस प्रकार यह गोल सूर्यमण्डल के रूप में प्रकाशमान है।

नीचे भूमण्डल का मान चित्र है। तन्मध्यवर्ती भारत पर वेद ज्योति की किरणें साक्षात् पड़ रही हैं। वहां से प्रतिबिम्ब निकल कर सारे देश में फैल रहा है।

इस निर्माण का आधार महाभारत में राजशब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग में मिलत है। उस जगह सनातन राजनीति शास्त्र का उपक्रम बतलाया गया है। उसमें बतलाये हुये क्रम के अनुसार शिक्षा का क्रम यहां रक्खा गया है।

श्रीदेवनायक-आचार्य,

पं० श्रीदेवनायक आचार्य ।

भारत-विख्यात् वक्ता एवं विद्वान् ।

All India renouned orator and Pandit —

SHRI DEVANAYAK ACHARYA.

Honcrary Vyakarna Adhayapak of this institution.

संस्थापक तथा सञ्चालक
मेहता परिवारका
परिचय

स्वर्गवासी वल्लभरामजी "बड़नगरा" नागर ब्राह्मण थे। इनके पूर्व पुरुष गुजरातके रहने वाले थे। परन्तु किसी कारण से भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रकी प्यारी पुरी मथुरामें आकर रह गये थे। अत एव यहां पर ही वैक्रम संवत् १८९६ में इनका जन्म हुआ। ठीक तीन वर्षके बाद इनके भाई स्वर्गवासी शालिग्रामजी का भी जन्म हुआ। दोनों ही बाल्यकाल से धर्ममें अत्यन्त तत्पर थे। ऐसे कुछ दिन बीतने पर संवत् १९१४ में कलकत्ते आये। दोनों महाशय इतने उद्योगी, बुद्धिमान् और चतुर थे कि इन्होंने अल्प ही कालमें लोगों से घनिष्ठता और प्रेम बढ़ाकर व्यापारके द्वारा बड़ी उन्नति करली, और अपने भागिनेय मेहता विहारीलाल जी, हजारीलाल जी तथा किशोरीलाल जी को जयपुर राज्य से बुला लिया और उनके ऊपर सब कार्यका भार न्यस्त किया। इनके कार्योंको देखने से यह निश्चय होता था कि परोपकार और धर्म के लिये ही ये द्रव्योपार्जन करते थे। दोनों भाई बड़े दानवीर थे। श्री शालिग्रामजी ने भी बहुत धन धर्म में लगाया। उनका शीघ्र ही सं० १९६५ के वर्ष में परलोकवास हो गया। अनन्तर सब भार अपने भागिनेय स्वनामधन्य मेहता पं० मुकुन्दरामजी के सुपुत्र जयपुर राज्यके निवासी मेहता विहारीलाल जी, मेहता हजारीलालजी और मेहता किशोरीलाल जी के ऊपर डालकर श्री वल्लभरामजी सदैव ईश्वरचिन्तन में अपना समय बिताने लगे। गृहमें अग्निहोत्र रखकर हमेशा श्री यज्ञ नारायण की सेवा में ही तत्पर रहते थे। अपने चित्त को और वित्तको धर्म-कार्यके सिवाय अन्यत्र कहीं नहीं लगाते थे। इन्होंने अपने पवित्र जीवन में कितने ही यज्ञ-याग किया। तुलादानादि अनेक दान भी दिये। काशी में श्रीपिशाचमोचन तीर्थ का जीर्णोद्धार किया। काल भैरव मन्दिर में संगमरमर पत्थर लगवाकर खूब दिव्य मन्दिर बनवा दिया। श्रीमङ्गलागौरी के तथा अस्सी पर वनदुर्गाजी के मन्दिर में सिंहासनादि बनवा दिये। एवं अस्सी पर 'गायत्री पुरश्चरण याग' बड़ी भव्यता से किया। ऐसे अनेक पुण्य कार्य इनकी धार्मिकता और उदारताकी स्मृति सदैव जागृत रखने में समर्थ हैं। इसके अतिरिक्त गुप्तरूप से इन्होंने बहुत दान दिया है। जिस प्रकार इनका जीवन धर्ममय था उसीके अनुरूप इनका अन्तकाल भी हुआ। काशीवासी होने के पहिले काशी में पञ्चदेवों की उपासना में पाँच महायाग किया। फिर ये कलकत्ते नहीं गये। बराबर यहीं रहे। अन्त में संन्यास ग्रहण कर वेदनारायण का श्रवण करते करते सं० १९७४ के आश्विन कृ० द्वादशी के दिन ८१ वर्ष की अवस्था में इस भौतिक देह का त्याग करके कैवल्य धामको प्राप्त हुए।

श्रीवल्लभरामजी ने जो धर्म का दिव्य मन्दिर बनवाया, इस पर कलश रखने का सौभाग्य उनके भागिनेय पं० विहारीलालजी तथा उनके भ्राता किशोरीलालजीको प्राप्त हुआ। उसी परमात्मा की प्रेरणा से इन महानुभावों ने जिस सुविशाल दिव्य भवन में हम लोग आज एकत्रित हुए हैं उसे बनवाया। और यहां पर आप लोगों ने साङ्ग और सार्थ वेदों के अध्ययन और अध्यापन द्वारा श्रीवेद भगवान् की और सनातन धर्म की सेवा हो, इस पवित्र हेतु से अपने मातुल धार्मिक-शिरोमणि स्वर्गीय श्रीवल्लभरामजी और शालिग्राम जी की उज्ज्वल कीर्ति को भारतवर्ष में फैलाने वाले इस 'वल्लभराम–शालिग्राम–साङ्ग-वेदविद्यालय' को स्थापित किया है।

इन महानुभावों ने अन्यान्य बहुत से धर्मकार्य किये हैं, जिनका वर्णन इस विवरण के छोटे कलेवर में करना शक्य नहीं है।

इन लोगों की धार्मिकता का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष अनुभव यह होता है कि इनके समस्त कार्यों को उत्तरोत्तर उन्नत रूपसे चलने के लिये भगवान ने इन्हें मेहता श्री मुरारीलालजी, श्रीगिरिधारीलाल जी, श्रीमनोहरलाल जी, श्रीगोविन्दलालजी, श्रीहरिलालजी जैसे पुत्ररत्नों को दिया है। मेहता पं० विहारी-लालजी तथा प० किशोरीलाल जी ने जैसा ऊपर कहा गया है कि 'श्रीवल्लभराम जी के दिव्य मन्दिर पर कलश रखा है' तो इन लोगोंने इस कलश को लोकातिशायी रत्नों से जटित किया है, जिनकी जाज्वल्य-मान किरणें देशको समुज्वल कर रही हैं।

मेहता पं० मुरारीलालजी तथा मेहता पं० गिरिधारीलालजी के संचालन में विद्यालय की बहुत उन्नति हुई है। "विक्रमादित्यवर्षाशन" प्रभृति महान् कार्य आपलोगों के संचालन की पवित्र कीर्ति को बढ़ाने वाले हैं।

कलकत्ते में भव्य भवन का निर्माण आपलोगों ने करवाया है। वेदानुराग का यह उत्तम परिचायक है कि उस भवन का नामकरण एवं उद्घाटन-समारम्भ वेदशास्त्रज्ञ विद्वान् पण्डितराज श्रीराजेश्वरशास्त्री द्राविड महोदय के पवित्र कर-कमलों से हुआ। भवन का स्पृहणीय नाम "वेदलक्ष्मी-विलास" रखा गया है।

आपलोग स्वयं धर्म-कर्मानुष्ठान करने में सदा तत्पर रहते हैं। चातुर्मास्यान्त याग में आर्त्विज्य करने तक की तैयारी मेहता पं० मुरारीलाल जी की है। आपके वेदशास्त्रानुराग एवं योग्यता को देख करही विद्वन्मण्डल ने "वेदशास्त्र-संरक्षक" की पदवी आपको प्रदान की है।

आप महात्मा श्रीवल्लभरामजी, मेहता पं० श्रीविहारीलालजी तथा पं० किशोरीलाल जी प्रभृति बड़ों के भावों एवं मर्यादाओं को भली भांति जानते हुये स्वयं अभिज्ञ, उदार, सरल तथा गम्भीर स्वभाव के हैं।

महता पारवार क बालकवृन्द ।

YOUNG BOYS OF THE MEHTA FAMILY.

मेहता चिरञ्जीव माधवलाल ।

Madhavlal Mehta

मेहता चिरञ्जीव गौरीलाल ।

Gaurilal Mehta

मेहता चिरञ्जीव श्रीलाल ।

Shrilal Mehta.

मेहता चिरञ्जीव दामोदरलाल ।

Damodarlal Mehta.

मेहता चिरञ्जीव गोबर्द्धनलाल ।

Goverdhanlal Mehta.

फलतः अपने उज्ज्वल कुल की मर्यादा के अनुसार आपके वर्तमान समय में भी बहुत से उल्लेखनीय धर्मकार्य हुये और होते रहते हैं।

विद्यालय भवन में "सहस्रचण्डीयाग" बड़े विधान और समारोह से हुआ था, जिसमें स्व० महाराज भी सम्मिलित हुये थे। उस समय का भव्यचित्र पट आज भी उस अनुपम दृश्य को सामने उपस्थित कर देता है।

अभी कुछ ही वर्ष पूर्व इसी स्थान में 'सहस्र-भोजन' इतनी श्रद्धा और विधिसे हुआ कि बड़े वृद्ध भी कहते थे कि ऐसा भावपूर्ण 'सहस्रभोजन' हमने अपनी उमरमें नहीं देखा था।

मेहताजी का धार्मिक हृदय उस पवित्र अनुष्ठान को देख इतना उल्लसित हुआ कि आपने आगे अयुत भोजन (दश हजार ब्राह्मणों को भोजन) कराने का निश्चय किया तदर्थ २५ हजार रुपये की व्यवस्था पृथक् कर दी गई है। उसी समय गरीब अनाथों के कष्ट-निवारणार्थ दान रूप में २५ हजार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त २५ हजार स्थानीय मृत्युञ्जय महादेव मन्दिरके विस्तारार्थ तथा वड़नगर स्थित श्रीहाटकेश्वर मन्दिरके विस्तारार्थ २५ हजार दिया गया। उपर्युक्त सम्पूर्ण कार्यों में न्यूनाधिक पूर्त्यर्थ और भी २५ हजार रुपये दिये गये। इस प्रकार सवालक्ष रुपयों का आदर्श दान किया गया।

स्वजातीय बालकों को शिक्षण के लिये स्कालरशिप (छात्रवृत्ति) तथा स्वजातीय अनाथ गरीब विधवा स्त्रियों के भरण-पोषणके निमित्त जातीय बन्धुओं ने हाटकेश्वर-कोष स्थापित किया है। उस कोष में ५००००) हजार रुपयों की उदार सहायता मेहता परिवार ने अभी हाल ही में दी है।

मेहता पं० विहारीलाल जी तथा पं० किशोरीलाल जीकी पुण्य स्मृति में कलकत्ता भगवती सर्वमङ्गला का रौप्य (चांदी) मन्दिर निर्मित कराया गया।

इसी प्रकार अन्यान्य धर्म कार्य बराबर होते रहते हैं। कहां तक उल्लेख किया जाय। तात्पर्य केवल इतना ही है कि-मेहता पं० मुरारीलालजी की उदात्त भावना अपनी प्राचीन मर्यादाओं के संरक्षण में आदर्श रूप हैं। वैसे ही मेहता पं० गिरिधारीलालजी प्रभृति आप के बन्धुवर्ग आपके आदर्श को बहुमान देने वाले हैं। बड़े हर्ष और आशाकी बात है कि उत्तर सन्तति भी धर्म भगवान् के अनुग्रह से सुन्दरतासे बढ़ रही है। चि० श्रीलाल, माधवलाल, गौरीलाल, दामोदरलाल, गोवर्धनलाल प्रभृति बालकरत्न सदाचार और विद्या की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। भगवत्कृपा से सब पूर्वजों की पवित्र कीर्ति उत्तरोत्तर बढ़ाने वाले होंगे, ऐसी पूर्ण आशा है।

श्रीगुरुः शरणम्।

विद्यालय के पचीस वर्ष का कार्य-विवरण

संवत् १९७७ तथा सं. १९७८ का विवरण

इस विद्यालय की स्थापना संवत् १९७७ के माघ शुक्ला १३ रविवार को श्रीमान् काशीनरेश प्रभुनारायण सिंह बहादुर महोदय के कर-कमलों से हुई।

इसमें ऋग्वेद शुक्लयजुर्वेद, कृष्णयजुर्वेद, काण्व, साम, अथर्व इन छ वेद तथा व्याकरण एवं न्याय शास्त्र में अध्यापकों की नियुक्ति कर बड़े समारोह के साथ अध्यापन कार्य प्रारम्भ किया गया। इस विद्यालय की विशेषता यह है कि—अध्यापकों को मासिक वेतन न देकर त्रैमासिक दक्षिणा रूप प्रदानकर, सत्कार करना निश्चित किया गया। पूजनीय धर्मप्राण महामहोपाध्याय श्रीलक्ष्मणशास्त्रीजी तथा पंडितराज श्रीराजेश्वरशास्त्री द्राविड़द्वारा अवैतनिक रूप से कार्य करना स्थिर कर, विद्यालय का कार्य प्रारम्भ हुआ।

इस विद्यालय का यह भी कार्य विशेष वर्णनीय है कि जो विद्वान् निरपेक्ष रूपसे विद्यादान करने में संलग्न हों उनका सत्कार किया जाय। तदनुसार इस वर्ष में ऋग्वेद पाठशालाऽध्यापक वेदमूर्ति रामजी जोशी महोदय को १००) एक सौ रुपये तथा कृष्णयजुर्वेद पाठशालाध्यापक श्री० वे० केशवभट्टजी गोखले महोदयको ५०) पचास रुपये प्रदानकर सत्कार किया गया। इस प्रकार विद्यालयका कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न होते हुये सं १९७८ माघ शुक्ला त्रयोदशी को विद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव काशी नरेश श्रीमान् ५ महाराज प्रभुनारायण सिंह महोदय के कर-कमलों से विशाल आयोजन के साथ सम्पन्न किया गया।

इस वर्ष में उत्तम कक्षा में १५ मध्यम में १६ तथा तृतीय कक्षा में १२ छात्र उत्तीर्ण हुये। इनको क्रमसे ५), ४) तथा ३) पारितोषिक दिया गया।

इस विद्यालय के कार्य से संतुष्ट होकर श्रीमान् माननीय महाराज बहादुरने प्रथम श्रेणी के विद्यार्थियोंके लिये १६०)रुपये पारितोषिक प्रदान किये। जिससे विद्यार्थियों में बड़ाही उत्साह वर्द्धित हुआ और लोगों में भी विद्यालय का गौरव वृद्धिगत हुआ। अनन्तर २५० वैदिक एवं पण्डितों को दो दो रुपये दक्षिणा प्रदान कर सत्कार किया गया।

रात्रि में कथादि कार्य होकर इस वर्ष का वार्षिकोत्सव सानन्द सम्पन्न हुआ।

सम्वत १९७९ का विवरण—

इस वर्ष विद्यालय में महत्व पूर्ण घोषणा यह कर दी गई कि जो विद्यार्थी इस विद्यालय में किसी एक वेद की शाखा को सम्पूर्ण रूप से साङ्ग पढ़कर अर्थ के सहित परीक्षा दे और उत्तीर्ण हो, उसको यावज्जीव १००) एक सौ रुपये प्रतिवर्ष विद्यालय से मिलते जायंगे।

इस वर्ष में इस विद्यालय के संस्थापक और जन्मदाता मेहता पं० विहारीलालजीका अकस्मात् काशीवास होने से सभी को जो मर्मस्पृक् वेदना हुई, उसको लेखनी से प्रकाशित करना दुःसाध्य है।

परन्तु ईश्वर की महिमा बड़ी विलक्षण है। पं० विहारीलालजीका स्थान रिक्त होने नहीं पाया। क्योंकि उनके स्थानको उनके सुयोग्य भ्राता मेहता पं० किशोरीलालजी तथा उनके योग्य पुत्र पं० मुरारीलालजीने पूर्ण कर विद्यालय के कार्य को अग्रसर किया।

ये लोग भी धार्मिक कार्यों में उनसे कम नहीं प्रत्युत आगे ही बढ़े। इन्होंने अपना परिचय कार्य रूप से इस प्रकार दिया है कि यह बात असन्दिग्ध रूप से सिद्ध हो जाती है।

कैलासवासी मामाजीकी तथा पूज्य पिताजीको 'धनुर्गया' इस प्रकार से और उत्साह से इन्होंने की, जो नागर जाति में दो सौ वर्षके भीतर किसीने नहीं किया। करीब २५० रौप्यपात्र ७५) पचहत्तर रुपये भर के वितरण किये।

साथही इन्होंने यह भी घोषणा की कि—आगामी वर्ष से भारतान्तर्गत जहाँ कहीं के विद्वान् इस विद्यालय में सम्पूर्ण वेद की परीक्षा देकर उत्तीर्ण हों तो उनको यावज्जीव ५०) रुपये वर्षाशन दिया जायगा। इस वर्ष भाद्रपद मास में अध्यापक एवं छात्रों ने गणेशोत्सव बड़े उत्साह से मनाया। गत वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी माघ शुक्ला १३ को श्रीमान् काशी नरेश की अध्यक्षता में विद्यालयका द्वितीय वार्षिकोत्सव सोत्साह सम्पन्न हुआ। तथा प्रथम श्रेणी में १५, द्वितीय श्रेणी में १६ और तृतीय श्रेणीमें १० छात्र उत्तीर्ण हुये इस वर्ष में विद्यालय ने लुप्त होने वाले अथर्ववेद के उज्जीवन के लिये दो छात्रों को जीविका-पर्याप्त वृत्ति प्रदान कर अध्ययनार्थ नियुक्त किया।

सं० १९८० का विवरण—

इस वर्ष भाद्रपद मास में अध्यापक गण एवं छात्रों के उत्साह से श्रीगणेशोत्सव गणेशचतुर्थी से पाँच रोज तक बड़े आनन्द से मनाया गया। इसमें प्रातः काल तथा सायंकाल वेदपाठियों का वेदपारायण और अपराह्न में विद्यार्थियों का शास्त्रार्थ हुआ। इसमें काशीके म० म० पं० वामाचरण भट्टाचार्य जी, म० म० पं० नित्यानन्द पर्वतीय प्रभृति विद्वज्जन उपस्थित थे।

विद्यालय में पाठशालीय छात्रों की त्रैमासिक परीक्षा लेना निश्चित किया गया था। तदनुसार प्रथम त्रैमासिक परीक्षा वैशाख में सम्पन्न हुई, द्वितीय त्रैमासिक परीक्षा श्रावण में हुई, त्रितीय त्रैमासिक

परीक्षा कार्तिक मासमें हुई। सभी उत्तीर्ण छात्रोंको निर्दिष्ट पारितोषिक प्रदान किया गया। अनन्तर माघमास में पाठशालीय वार्षिक परीक्षा हुई। माघशुक्ला त्रयोदशी को तृतीय वार्षिकोत्सव श्रीमान् काशीनरेश बहादुर के सभापतित्व में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष विद्यालय के सञ्चालक महोदयों ने यह भी निश्चय किया कि अध्ययन काल में सर्वदा आदर्श पुरुषों के चित्रों पर दृष्टि रहे तो विद्यार्थियों में भी वैसी ही विद्या एवं चरित्र सम्पादन करने की भावना जागृत होगी, इस दृष्टि से उत्सव में सभापति महोदय के करकमलों से विद्वज्जनों के तैल-चित्रों का आवरणोन्मोचन किया गया। जिनका परिचय तथा नामावली उद्घाटन संवत् के साथ इसी पुस्तक में प्रकाशित है।

अनन्तर गत वर्ष वेद-पाठियों की परीक्षा लेकर यावज्जीव वर्षाशन देने की जो घोषणा की गयी थी, तदनुसार इस वर्ष ३ वैदिक देशान्तर के तथा तीन काशीके सर्वोच्च परीक्षामें प्रविष्ट हुए, उनमें श्री० वे० बाबादीक्षित ओक एवं श्री० वे० गङ्गाधर भट्ट लेले उत्तीर्ण हुये। इन दोनों को सभापति महोदय के करकमलों से एक दुशाला एवं ५०) पचास रुपये दक्षिणा प्रदान कर सत्कार किया गया।

अनन्तर वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण प्रथम श्रेणी में ३१, मध्यम श्रेणी में १२, तृतीय श्रेणी में २९, छात्रों को श्रीमहाराज के कर-कमलों से प्रतिवर्ष के अनुसार पारितोषिक प्रदान किया गया। सभा विसर्जन होने पर मेहता जी द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार २२५ विद्वज्जनों का सत्कार किया गया।

रात्रि में पं० विनायक वोआ का हरिकीर्तन हुआ। दूसरे दिन रात्रिमें भारताचार्य पं० रमानाथ व्यासजी की कथा हुई, व्यास जी को मेहताजी ने जरीका पीताम्बर पामरी, चान्दीका उपस्कर तथा दश सहस्र रुपये प्रदान किये।

संवत् १९८१ का विवरण

प्रतिवर्षानुसार श्रीगणपत्युत्सव भाद्रपद मास में मनाया गया। प्रतिदिन प्रातः काल और सायं काल वेदपाठियों का वेदघोष और अपराह्न में विद्यार्थियों का क्रम से व्याकरण, न्याय शास्त्रमें परस्पर शास्त्रार्थ और कविसम्मेलन हुआ। इसमें काशीके गण्यमान्य सज्जनों ने सहयोग प्रदान किया।

इस गणेशोत्सव में विशेष रोचकता देखकर सभागत सज्जनों में से अन्यतम पं० गण्डारामजी ने प्रस्ताव उपस्थित किया कि इसी प्रकार का विद्यार्थि-सम्मेलन, इस वर्ष एक बार और हो। तदनुसार यह सम्मेलन मार्गशीर्ष कृष्ण १४, ३० तथा मार्ग शीर्ष शुक्ल १ को फिर विद्यालयमें किया गया और व्याकरण, न्याय, समस्यापूर्ति में विजयी छात्रों को १५) रुपये पारितोषिक प्रदान किये गये।

अनन्तर माघ में विद्यालय की वार्षिक परीक्षा हुई। इसमें प्रथम श्रेणीमें ३१, द्वितीयश्रेणी में २६, तृतीय श्रेणी में २९ छात्र उत्तीर्ण हुये।

माघ शुक्ल १३ शुक्रवार को विद्यालय का चतुर्थ वार्षिकोत्सव बड़े समारोह के साथ मनाया गया। श्रीमहाराज बहादुर के करकमलों से स्वर्गीय विद्वानों के तैल-चित्रों का आवरणोन्मोचन किया गया।

विद्यालयीयाध्यापकवर्ग एवं कार्यकर्ता गण

ADHYAPAKAS AND THE WORKING STAFF OF THIS INSTITUTION.

बायेंसे चौकीपरः—(१) वैदिकशिरोमणि पं॰ श्री॰ गणपति दीक्षितजी यजुर्वेदाध्यापक (२) कण्वाचार्य पं॰ श्रीरामाचार्यजी-कण्ववेदाध्यापक (३) पं॰श्री॰ वैकुण्ठ रामजी झा बी, एस, सी,एल, एल बी-प्रबंधक (४) सर्वतन्त्र स्वतन्त्र शास्त्र रत्नाकर पण्डितराज पं॰ श्री॰ राजेश्वर शास्त्रीजी द्राविड विद्यालयाध्यक्ष (५) पं॰ श्री॰ देवनायकजी आचार्य व्याकरणाध्यापक (६) दैवज्ञवर पं॰ श्री॰ नीलकण्ठशास्त्री-ज्यौतिषाध्यापक (७) पं॰ श्री॰ गोपीनाथ शास्त्री जी मण्डलीकर—प्रथम कक्षाध्यापक (८) पं॰ श्री॰ देवशङ्कर त्रिवेदीजी—सामवेदाध्यापक।

दुसरी पंक्ति बायें से—(१) पं॰ श्री॰ राजाराम जी अटाले—व्यायानाध्यापक (२) पं॰ श्री॰ हरिराम शास्त्री जी शुक्ल न्यायाचार्य न्यायाध्यापक (३) पं॰ श्री॰ मुकुन्दशास्त्री जी पायगुण्डे—पुस्तकालयाध्यक्ष (४) पं॰ श्री गंगाधर भटजी चांदेकर—कृष्णयजुर्वेदाध्यापक (५) पं॰ श्री अनन्तराम गुरु जी पटवर्धन ऋग्वेदाध्यापक।

तथा सर्वोच्च परीक्षोत्तीर्ण वैदिकों को ५०) पचास २ रुपये वर्षाशन दिया गया। प्रतिवर्षानुसार प्रथम तथा मध्यम श्रेणियों में उत्तीर्ण छात्रों को भी पारितोषिक प्रदान किया गया। श्री महाराज के तरफ से चीफ सेक्रेटरी श्रीमान् कर्नल विन्ध्येश्वरी प्रसाद सिंह महोदय ने सर्वोच्चपरीक्षोत्तीर्ण वैदिकों को ५०) पचास २ रुपये प्रदान किये।

श्री महाराज की इस प्रशंसनीय उदारता से सभा में बड़ी हर्षध्वनि हुई और उपस्थित सज्जनों ने श्रीमहाराज बहादुर को अनेक धन्यवाद प्रदान किये। अनन्तर प्रतिवर्षानुसार विद्वज्जनों के सत्कारादि कार्य हुये।

संवत् १९८२ का विवरण—

इस वर्ष से विद्यालय में प्रतिपक्ष में विद्यार्थियों की पाक्षिक परीक्षा प्रारम्भ की गयी।

पूज्य लक्ष्मण शास्त्रीजी द्वारा स्थापित काशी में जो 'शंकर पाठशाला' नामका विद्यालय था वह साङ्गवेद-विद्यालय' में इस वर्ष मिला दिया गया। तदनुसार विद्यालय में नौ अध्यापक नियुक्त हुए।

काशी ब्रह्माघाटस्थित-दत्त मन्दिर में जो 'आद्यशंकराचार्य-जयन्त्युत्सव' शिवकुमार शास्त्री प्रभृति विद्वानों ने चलाया था, वह इस वर्ष से विद्यालय में होना स्थिर हुआ। तदनुसार वै० शु० ५ को शंकराचार्यजयन्त्युत्सव मनाया गया। इसमें प्रातःकाल भगवान की प्रतिमा का पूजन और शङ्कर दिग्विजय का पारायण, अपराह्न में स्थानीय विद्वज्जनों के व्याख्यान, रात्रि में वेदघोष इत्यादि कार्य हुये।

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी गणेशोत्सव मनाया गया। इसमें प्रतिदिन क्रम से ज्यौतिष, व्याकरण न्याय और साहित्य में शास्त्रार्थ तथा समस्यापूर्ति हुये। प्रतिवर्षानुसार विजयी छात्रों को पारितोषिक प्रदान किया गया।

इसी प्रकार पं० गण्डारामजी के उद्योग से का० शु० १३ से ४ दिन तक विद्यार्थियों का शास्त्रार्थ हुआ तथा पारितोषिक प्रदान किया गया। यह शास्त्रार्थ लाहौर निवासी श्रीमान् लाला खरायती रामजी के साहाय्य से सम्पन्न हुआ।

माघ कृष्ण में विद्यालय की वार्षिक परीक्षा हुई। इसमें उत्तम श्रेणी में ३२ मध्यम श्रेणी में ४१, तृतीय श्रेणी में १६ छात्र उत्तीर्ण हुये।

इस साल वार्षिकोत्सव माघ शुक्ला त्रयोदशी को न होकर फा० कृ० ४ मंगलवार को मनाया गया, क्योंकि उस समय श्रीमहाराज बहादुर काशी से बाहर गये हुए थे। वार्षिकोत्सव के दिन प्रतिवर्षानुसार प्रातः काल सरस्वती-पूजन, अपराह्न में २ से ५ बजे तक श्री० पं० माधवशास्त्री दातार महोदय का रास-पञ्चाध्यायीपर पुराण रात्रि में वसन्तपूजादि कार्य हुये।

फा० कृ० ४ मङ्गलवार को श्रीमान् काशीनरेश की अध्यक्षता में विद्यालय का पञ्चम वार्षिकोत्सव बड़े समारोह से मनाया गया।

विद्यार्थियों द्वारा मङ्गलाचरण, अध्यक्षद्वारा वार्षिक विवरण पाठ होने पर सभापति महोदय के कर-कमलों से स्व० स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती जी तथा भारतमार्तण्ड कविवर गट्टूलालाजी के तैलचित्रों का आवरणोन्मोचन हुआ। बाद इस वर्ष सर्वोच्च परीक्षोत्तीर्ण पं० काशीनाथभट्टजी गोडशे महोदय को एक दुशाला तथा ५०) रुपये प्रदान कर सत्कार किया गया। प्रतिवर्षानुसार अन्य भी वर्षाशन पानेवाले विद्वज्जनों का सत्कार करने पर पाठशालीय उत्तीर्ण छात्रों को पारितोषिक प्रदान किया गया। इसके बाद श्रीमहाराज के तरफ से कर्नल विन्ध्येश्वरी प्रसाद महोदय ने उत्तीर्ण हुये वैदिकों को, प्रत्येक को ५०) पचास २ रुपये श्रीमहाराजके तरफसे देने की घोषणाकर विद्यालय के साथ सहानुभूति दिखलाई।

पूज्य श्री लक्ष्मण शास्त्री जी ने वार्षिकोत्सव में यह घोषणा की कि जिस प्रकार वेदमें सर्वोच्च परीक्षा लेकर वर्षाशन दिया जाता है उसी प्रकार प्रत्येक शास्त्र में भी विद्वानोंकी सर्वोच्च परीक्षा होगी। जो महाशय इसको उत्तीर्ण करेंगे, उनको पांच सहस्र रुपये पारितोषिक दिये जायँगे। अनन्तर विद्वत्सत्कार, हरिकथा आदि होकर उत्सव कार्य सम्पन्न हुआ।

सं० १९८३का विवरण—

सं० १९८३ अधिक चैत्र शुक्ल ४ बुधवार को अपराह्ण में कासिम बाजार के महाराज श्रीमान् मणीन्द्रचन्द्र नन्दी महाशय विद्यालय देखने के लिये पधारे और सन्तोष अभिव्यक्त किया।

वैशाख शुक्ल ५ रविवार को धर्मप्राण पू० लक्ष्मणशास्त्रीजी ने गीर्वाणवाग्वर्धिनी नाम की सभा का पुनरुज्जीवन किया तथा प्रतिवर्ष के अनुसार उस दिन श्री आद्यशंकराचार्य जयन्त्युत्सव भी मनाया गया। प्रातः पूजन अपराह्ण में व्याख्यान, रात्रि में वसन्तपूजादि कार्य हुये।

इसमें पं० गण्डारामजी महोदय ने सहायतार्थ २५) रुपये प्रदान किये। भाद्रपद शुक्ल ४ शनिवार से अष्टमी बुधवार तक ५ दिन गणेशोत्सव हुआ। प्रतिदिन प्रातः काल पूजन, वसन्तपूजा, अपराह्ण में विद्यार्थियों का शास्त्रार्थ, रात्रिमें कीर्तन-गायन, पञ्चम दिन गणेशजी की सवारी इत्यादि कार्य हुये। इस वर्ष से धर्मशास्त्र तथा वेदान्त शास्त्रका भी शास्त्रार्थ रखा गया। प्रतिवर्षानुसार उत्तीर्ण छात्रों को पारितोषिक प्रदान किया गया।

इन पारितोषिकों के रुपये श्री पं० गण्डारामजी के प्रयत्न से लाहौर निवासी श्रीमान् लाला खरायती रामजी ने दिये। जिनके विद्यार्थी इस शास्त्रार्थ में उत्तीर्ण हुये उनके अध्यापकों को भी सम्मानरूप से एक २ पीताम्बर पारितोषिक स्वरूप कलकत्ता निवासी पं० विश्ननाथ ठाकुर ने दिये। पुनः कार्तिक शुक्ल

११ से विद्यार्थियों का शास्त्रार्थ हुआ तथा विजयी छात्रोंको पारितोषिक लाला खरायतीरामजी ने ही दिया। विद्यार्थियोंको शारीरिक बल प्राप्त करने के निमित्त मलखम्ब आदि शिक्षा देनेके लिये काशीके प्रसिद्ध व्यायामाध्यक्ष कोण्ड भट्टजी के वंश में मणिस्वरूप श्री० पं० अनन्तरामगुरु गोडबोले नियत किये गये।

माघ शुक्ला १३ को विद्यालय का षष्ठ वार्षिकोत्सव श्रीमान् काशी नरेश के सभापतित्व में सम्पन्न हुआ।

मङ्गलाचरण, वार्षिक विवरण पाठ के अनन्तर सभापति महोदय के करकमलों से विद्वानों के चित्रों का आवरणोन्मोचन तथा सर्वोच्च परीक्षोत्तीर्ण तञ्जोर जिले के पं० विश्वनाथ घनपाठी, काशी के पं० गङ्गाधर भट्टजी चान्देकर, पं० जगन्नाथभट्ट बर्कले, इन नये विद्वानों को एक २ दुशाला तथा ५०) पचास रुपये और प्राचीन विद्वानों को केवल ५०) पचास रूपये दक्षिणा प्रदान किया गया। तथा श्री महाराज बहादुर के तरफ से भी ५०) पचास २ दक्षिणा प्रदान की गयी। पं० सूर्यनारायण घनपाठीजी को पू० शास्त्रीजीके तरफ से २५) पचीस रुपये तथा १ दुशाला प्रदान किया गया। अनन्तर प्रथम-द्वितीय-कक्षोर्त्त र्ण छात्रों को पारितोषिक दानके बाद सभाकार्य समाप्त हुआ।

इस साल श्रीमान् मेहता पं० किशोरीलालजीने गणेशोत्सव फण्ड में एक सहस्र रुपये प्रदान किये, जिससे स्थायीकोष का निर्माण हुआ।

संवत् १९८४ का विवरण—

वैशाख शु० ५ को श्रीजगद्गुरु आद्य शंकराचार्य महाराज का जयन्त्युत्सव बड़े समारोह से मनाया गया। पूजन, व्याख्यान, हरिकीर्तनादि कार्य प्रतिवर्षानुसार हुये। आज के व्याख्यान में म० म० पं० हाथीभाई शास्त्री, नोरी सुब्रह्मण्यशास्त्री प्रभृति बाहर से पधारे हुये विद्वज्जन भी उपस्थित थे। भाद्रपद शु० ४ से ८ तक श्रीगणेशोत्सव बड़े समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतिदिन प्रातः पूजन और वेदघोष, अपराह्न में पुराण तथा शास्त्रार्थ, रात्रिमें गायन-कीर्तन, रामायण, व्यायाम-कला-प्रदर्शनादि कार्य हुये। विजयी छात्रों को पारितोषिक प्रदान किया गया तथा उनके अध्यापकों का भी सत्कार प्रतिवर्षानुसार कलकत्ता निवासी श्री विश्वनाथठाकुर द्वारा किया गया।

इसी प्रकार कार्तिक शुक्ल १२ से १५ तक विद्यार्थियों का शास्त्रार्थ बड़े उत्साहसे सम्पन्न हुआ।

इस द्वितीय शास्त्रार्थ को प्रोत्साहन से चलाने वाले पं० गण्डारामजी तथा द्रव्य-साहाय्य करने वाले लाला खरायती रामजी का स्वर्गवास हो जाने से इस शास्त्रार्थ का भविष्य शिथिल हो गया।

आश्विन नवरात्र में तीन दिन पर्यन्त भगवती सरस्वती देवी का उत्सव भली प्रकार से मनाया गया।

श्रीमान् पण्डित प्रवर म० म० पं० अनन्त कृष्ण शास्त्रीजीके उद्योग से म० म० पं० नित्यानन्द पर्वतीयजीके सभापतित्व में शारदा-बिलके प्रतिवाद स्वरूप महती सभा विद्यालय में हुई।

तीस विद्यालयीय छात्रों को सिद्धेश्वरी क्षेत्र वासी श्री पं० शिवचरण जोशीजीने दिनमें अन्न देने की व्यवस्था की तथा रात्रि में पञ्चगङ्गेश्वर मठाधीश श्री ब्रह्मानन्द सरस्वतीजीने ३० छात्रों को अन्न देने की व्यवस्था की।

विद्यालय के समीप ही लछमन नामका तंबोली पान की दूकान करता था उसने अपने दो किता मकान ट्रस्टी नियुक्त कर धर्मार्थ कर दिये थे। उसमें आमदनी न होने के कारण दोनों मकान जीर्ण होकर नष्ट होने की दशामें प्राप्त हुये थे। ऐसे समय ट्रस्टियों ने वे दोनों मकान पू० लक्ष्मण शास्त्री जी को छात्रावास के लिये प्रदान किये। ट्रस्टीगण पं० रामेश्वरशास्त्री सराफ तथा पं० गोपालजी नागर थे, जो विद्यालय के व्यवस्थापक भी थे। पं० गोपालजी नागरने ४५ दिनमें इनका जीर्णोद्धार कराया तथा धर्मप्राण श्रीलक्ष्मण शास्त्रीजी के गुरुवरों के स्मारक में एक का नाम 'कैलास-भवन' और दूसरे का नाम 'सुब्रह्मण्यभवन' रख कर, सभापति द्वारा उनका उद्घाटन समारम्भ हुआ।

गत वार्षिकोत्सव में घोषणा की गई थी कि जो अध्यापक घरमें पढाते और धर्मनिष्ठ हैं, उनके छात्रों को पाठशालीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर १०) दस रुपये अध्यापक को दक्षिणा तथा छात्रको १) रुपया प्रदान किया जायगा, तदनुसार निम्न लिखित अध्यापकों का सत्कार किया गया।

श्री० पं० नरेन्द्रकुमार काव्यतीर्थ श्री० पं०नारायणाचार्य द्राविड, श्री० पं० शरच्चन्द्र काव्य स्मृति-तीर्थ, श्री० पं० रजनीकान्त विद्यारत्न, श्री० पं०-ताराचरणभट्टाचार्य, श्री० पं० कमलकृष्ण स्मृतितीर्थ, श्री० पं० श्यामाकान्त तर्कपञ्चानन, श्री० पं० रामचन्द्र पाठक, श्री० पं० रामाचार्य श्री० पं० आशुतोष भट्टाचार्य।

फाल्गुन शुक्ल १ बुधवार को विद्यालय का सप्तम वार्षिकोत्सव श्रीमान् काशीराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मङ्गलाचरण वार्षिक विवरण पाठ के बाद सभापति महोदय के करकमलों से स्वर्गीय विद्वानों के तैल-चित्रों का आवरणोन्मोचन किया गया। अनन्तर इस वर्ष सर्वोच्चपरीक्षोत्तीर्ण पं० सुब्रह्मण्य घनपाठी जी को दुशाला तथा ५०) रुपये एवं अन्य विद्वानों को प्रतिवर्षानुसार वर्षाशन प्रदान किया गया। श्रीमहाराज बहादुर के तरफ से भी उक्त विद्वानों का सत्कार किया गया। बाद में प्रथम मध्यम-कक्षोत्तीर्ण छात्रों को भी पारितोषिक प्रदान किया गया।

सभाविसर्जन होने पर २२५ पण्डितों का भी प्रतिवर्षानुसार सत्कार किया गया।

रात्रि में पं० विनायक बोआ का हरिकीर्तन तथा पं० व्रजभूषण जी का रामायण हुआ।

संवत् १९८५ का विवरण—

इस वर्ष काशी पण्डित-सभा और धर्म-सेवक-संघ की स्थापना की गयी।

१९८५ चैत्र शु० ९ के दिन श्री मिथिलेश की अध्यक्षता तथा काशीके समस्त पण्डितों की उपस्थिति में किये गये प्रस्तावानुसार इस विद्यालय में पण्डित सभा की स्थापना हुई, इसमें काशी के गण्य-मान्य सभी पण्डितों ने सदस्यता स्वीकार की है।

इसी सभा की ओर से 'धर्म-सेवक-संघ' स्थापित हुआ है, जिसमें काशी की संस्कृत-पाठशालाओं के छात्रों ने सहर्ष अपना नाम लिखा कर सेवा करने में अपने को समर्पण किया। इसी संघने ब्राह्मण महासम्मेलन के समय अतिथियों की सेवा तथा अन्यान्य सेवा कार्य कर संस्कृत छात्रों में उच्चतम आदर्श स्थापन किया।

गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभाने भी प्रतिपक्ष में सभायें करके गम्भीर विषयों पर विवेचना कर, अपने अमूल्य निर्णय प्रकाशित किये।

नियमानुसार वैशाख शुक्ल ५ को जगद्गुरु आद्यशंकराचार्य जी का जयन्त्युत्सव बड़े समारोहसे मनाया गया। प्रातः पूजन, वसन्तपूजा, शंकरदिग्विजयका पुराण, अपराह्न में म म० पं० भाऊशास्त्री बझे जी का प्रवचन तथा रात्रिमें हरिकीर्तनादि कार्य हुये।

श्रावण अधिक मास में विद्यालय के सञ्चालकोंने बड़े उत्साह से ब्राह्मणोंका भोजन तथा विद्वानों का सत्कार कार्य किया।

भाद्र शुक्ल चतुर्थीसे ८ तक गणेशोत्सव बड़े धूम-धाम से मनाया गया। प्रतिदिन प्रातःकाल पूजन, वसन्तपूजा, अपराह्न में पुराण विद्यार्थियों के शास्त्रार्थ, तुलसीकृतरामायण की कथा, व्यायामकला प्रदर्शन इत्यादि कार्य हुए।

विद्यार्थियोंका शास्त्रार्थ श्री० पं० काशीरामजी इन्स्पेक्टर महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, आपको विद्वज्जनोंने 'विद्यारत्न' पदवी प्रदान की।

इसमें काशीके रईस श्रीमान् रायकृष्णजी ने १५५) रुपये प्रदान किये तथा प० प० ब्रह्मानन्द सरस्वती जी ने १०) रुपये प्रदान किये। आश्विनशुक्ल में नियमानुसार सरस्वती उत्सव मनाया गया।

धर्माचार्यों का पधरावनी और प्रतिनिधियोंका सत्कार—

कार्तिक कृष्णपक्ष में श्रीमान् मे० पं० किशोरीलालजी तथा श्री० मे० पं० मुरारीलाल जी ने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासम्मेलन में सम्मिलित हुये जगद्गुरु श्री १०८ शंकराचार्य शारदापीठ, श्री १०८ शंकराचार्य गोवर्धनपीठ, श्री १०८ यदुगिरि यतिराज सम्पत्कुमार मुनि रामानुजाचार्य, श्री १०८ प्रतिवादिभयङ्कर अनन्ताचार्य, श्री १०८ नाथद्वाराधिपति गो० दामोदरलालजी महाराज, काकरौली के गो० श्री १०८ व्रजभूषणलालजी महाराज, मथुराके गो० श्री १०८ विट्ठलनाथ जी महाराज, काशीके गो० श्री १०८ मुरलीधरलाल जी महाराज, अहमदाबादके गो० श्री १०८ मधुसूदन लालजी महाराज, कुकुरमुण्डा संस्थानाधिपति श्री सन्तोजी महाराज, सोनगीरसंस्थानाधिपति श्रीकेशवदत्त-महाराज प्रभृति समस्त आचार्यों की पधरावनी कराकर, षोडशोपचार पूजन बड़े भक्ति-भाव से किया।

उसी प्रकार देशदेशान्तरों से आये हुये विद्वज्जनों को भी दक्षिणा एवं मिष्ट द्रव्य देकर सत्कार किया।

इस कार्य में ३०००) तीन सहस्र रुपये से भी अधिक व्यय हुआ।

गया श्राद्ध—

संचालक महोदयोंने गत पौष मास में गयाश्राद्ध करके लौटते हुये काशी में वैदिकों की वसन्त-पूजा, अनेक विद्वानों का सत्कार और समस्त जातीय बन्धुओं को तथा अन्य विद्वानों को भी चांदीके ५०)-५०), भरी के करीब २०० सौ रौप्यपात्र प्रदान किये। इसी उपलक्ष्य में पाठशालीय अध्यापकों को पाँच ५) पाँच २ रुपये तथा छात्रों को आठ आठ ।।) आने दक्षिणा दी गई।

सम्मान—

कार्तिक शुक्ला १३ को दिन में ३ बजे पीठापुर के वेदार्थ परीक्षाधिकारी पं० श्री लक्ष्मीनारायण शास्त्रीजीको 'आम्नाय-वाचस्पति" पदवी-विभूषित मानपत्र प्रदान कर सत्कार किया गया। उक्त महाशय की वेदार्थ-व्याख्या-प्रणाली तथा प्रगाढ पाण्डित्य को देखकर सभास्थ विद्वज्जनों ने बड़ा आदर अभिव्यक्त किया।

शाखा विद्यालय—

इस विद्यालय की एक शाखा कलकत्ता नगरी में "कालिका-साङ्गवेद-विद्यालय" नामका स्थापित हुई।

विद्यालय के भवनके लिये कलकत्ता-निवासी श्री बा० गुरुपद हालदार महोदय ने ८०००) आठ हजार रुपये मूल्यकी जमीन प्रदानकी कलकत्ताका। शिवकुमारभवन भी इस विद्यालयका अङ्गभूत माना गया

अ० भा० ब्राह्मण सम्मेलन के प्रस्तावित भावी संस्कृत विश्वविद्यालय का प्रारम्भिक कार्य इसी साङ्गवेद विद्यालय काशी से प्रारम्भ होने की घोषणा की गयी।

शुभ विवाह—

इस विद्यालय के संस्थापक स्व० मे० पं० विहारीलालजीके चिरञ्जीवी पुत्र श्री गोविन्दलालजी के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में अनेक दान पुण्य किये गये।

माघ शुक्ला १३ गुरुवार को विद्यालय का अष्टम वार्षिकोत्सव श्रीमान् काशीराज के सभापतित्व में सम्पन्न हुआ।

प्रतिवर्षानुसार चित्रोद्घाटन, सर्वोच्च-परीक्षोत्तीर्ण वैदिकों का सत्कार, पाठशालीय विद्यार्थियों को पारितोषिक-प्रदानादि कार्य सम्पन्न हुये।

इस वर्ष सञ्चालकों ने अपने स्व० पितृव्य मेहता पं० हजारीलालजीके स्मारक में २००००) बीस हजार रुपये मूलधन से विद्यार्थियों का अन्नसत्र स्थापित किया।

संवत् १९८६ का विवरण—

चै० शु० १५ मंगलवार को काशी में हुये सोमयागमें सम्मिलित ऋत्विजों को दो २ रुपये तथा ज़री की पामरी प्रदान कर सत्कार किया गया। धर्मप्राण श्रीलक्ष्मण शास्त्रीके शिष्य श्री० पं० भाऊ-शास्त्री बझे जीको म० म० पदवी प्राप्ति के उपलक्ष्य में महावस्त्र प्रदान कर सत्कार किया गया।

और वै० शु० ५ को शङ्कराचार्य जयन्त्युत्सव प्रतिवर्षानुसार मनाया गया।

चातुर्मास्य याग—

ज्येष्ठ में ६ दिन तक बड़े धूमधाम के साथ विद्यालय भवन में चातुर्मास्य याग हुआ। इस यागमें विद्यालय के विद्यार्थी और अध्यापकों ने आर्त्विज्य कर अपनी कर्म-कुशलता दिखाई। इस कर्म में प्रमुख भाग वे० गणेश दीक्षित ने लिया था। इस याग में विद्यार्थियों की कुशलता देखने और प्रोत्साहन देने के उद्देश से स्व० श्री काशीराज महाराज श्री ५ आदित्यनारायण सिंह बहादुर भी पधारे थे। केवल कुशासन पर डेढ़ घण्टे तक बैठे हुये महाराज ने सम्पूर्ण इष्टिका अवलोकन कर धर्मप्राणता का परिचय दिया उसके द्वारा ऋत्विज, यजमान और विद्वानोंके अन्तःकरण में महाराज के प्रति विलक्षण श्रद्धाका भाव उत्पन्न हुआ। महाराज की आत्मीयता महाविद्यालय के साथ साथ विद्यालय के सञ्चालकों के प्रति भी धर्मभाव के लिये आदर्शरूप है। आगे कलकत्ते में जब महाराज श्री ५ प्रभुनारायण सिंह बहादुर पधारे थे तो सञ्चालक श्री मेहताजीके घर पर महाराज का पधारना अनुपम उत्साह का सम्वर्धक हुआ। साथही उस समय श्री कुंवर साहब (महाराज श्री आदित्य नारायण सिंह बहादुर) भी पधारे थे। द्वितीय बार महाराज श्री ५ आदित्य नारायण सिंह जी बहादुर महोदय पधारे थे तो उस समय वर्तमान महाराज का भी साथ में पधारना हुआ था। तात्पर्य यह की धर्मभाव के प्रोत्साहन में इस प्रकार महाराज का बहुत ही अनुग्रह और आत्मीय भाव बराबर चला आ रहा है।

प्रतिवर्षानुसार गणेशोत्सव एवं शास्त्रार्थ प्रतियोगितादि कार्य हुये। आश्विन शुक्ल में सरस्वती उत्सव मनाया गया।

कार्तिक कृ० ९ को प्रातः स्मरणीय श्री शान्ताश्रमस्वामीजी की पुण्य तिथि मनाई गयी।

विद्यालय का नवम वार्षिकोत्सव माघ शुक्ला त्रयोदशी को श्रीमान् काशी महाराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

प्रतिवर्षानुसार सर्वोच्च परीक्षोत्तीर्ण वैदिकों को वर्षाशन तथा पाठशालीय छात्रों को पारितोषिक प्रदान किया गया।

गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा के तरफ से शारदा-बिल पास होने के विरोध में म० म० पदवी छोड़े हुये पं० पञ्चानन तर्करत्नजी, पं० पद्मनाथ विद्याविनोदजी, पं० भाऊशास्त्री बझे जीको १००) एक २ सौ रुपये प्रदान किये गये।

संवत् १९८७ का विवरण—

प्रतिवर्षानुसार आद्यशंकराचार्य जयन्त्युत्सव तथा गणेशोत्सव मनाया गया। आश्विन में सरस्वती उत्सव मनाया गया। कार्तिक कृ० ६ को श्री शान्ताश्रमस्वामीजीकी पुण्य तिथि मनायी गई।

माघशुक्ल १३ को विद्यालयका दशम वार्षिकोत्सव श्रीमान् काशीराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रतिवर्षानुसार वर्षाशन पाने वाले वैदिकोंका तथा इस वर्ष परीक्षोत्तीर्ण वैदिकोंका सत्कार दुशाला तथा दक्षिणा प्रदान कर किया गया। गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा की तरफ से वैद्यपञ्चानन कृष्णशास्त्री कवड़े तथा पं० त्र्यम्बक रामचन्द्र आपटे वैद्य को एक २ दुशाला प्रदान किया गया। त्यक्त महामहोपाध्याय पदवी वालों को भी वर्षाशन प्रदान किया गया।

संवत् १९८८ का विवरण—

इस वर्ष विद्यालय पर कृपादृष्टि रखने वाले महानुभावों में से निम्नलिखित अनन्य शुभचिन्तकों का वियोग सहन करना पड़ा।

महामहोपाध्याय पं० वामाचरण न्यायाचार्य (चैत्र शु० ३)।

धर्मप्राण पूजनीय पं लक्ष्मणशास्त्री द्राविड़ (आषाढ़ कृ० ४)।

विद्यालय के स्थायी सभापति श्रीमान् काशीनरेश प्रभुनारायणसिंह बहादुर (श्रावण कृ० ६)।

महामहोपाध्याय त्यागमूर्ति पं० नित्यानन्द पर्वतीय (आश्विन कृ० ६)।

विद्यालय के सञ्चालक नागरकुलभूषण पं० किशोरीलाल मेहता (पौष कृ० २)।

प्रतिवर्षानुसार वैशाख शुक्ल में श्रीशंकराचार्यजयन्ती तथा भाद्रपद शुक्ल में गणेशोत्सव मनाया गया।

एक लाख रुपयों का आदर्शदान—

माघ शुक्ल १३ को काशीनरेश श्रीमान् आदित्यनारायण सिंह बहादुर की अध्यक्षता में प्रतिवर्षानुसार वार्षिकोत्सव मनाया गया। तथा श्रीमहाराजको राजगद्दी के उपलक्ष्य में मानपत्र समर्पित किया गया। इस वर्ष विद्यालय के सञ्चालक पं० किशोरीलाल मेहता ने संन्यास ग्रहण करने के पूर्व अपने परम प्रिय विद्यालय की उन्नति के लिये एक लक्ष १०००००) रुपया दान किया, जिसकी घोषणा वार्षिकोत्सव में की गई।

संवत् १९८९ का विवरण—

प्रतिवर्षानुसार श्रीशंकराचार्यजयन्ती, गणेशोत्सव, सरस्वत्युत्सव आदि यथासमय मनाये गये। ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्थीको त्यागमूर्ति पं० पञ्चानन तर्करत्न के सभापतित्व में यह निश्चय किया गया

कि इस विद्यालय के पुस्तकालय का नाम पूज्य श्रीलक्ष्मण शास्त्री जी की स्मृति में "श्रीलक्ष्मण पुस्तकालय" रक्खा जाय। तदनुसार विद्यालय के सञ्चालकों ने पुस्तकालय का नवीन नामकरण स्थिर किया। इस पुस्तकालय में प्राप्त पुस्तकों के विशिष्ट दाताओं की नामावली इसी पुस्तक में अन्यत्र प्रकाशित है। इस वर्ष विद्यालय में सहस्रचण्डी बड़े समारोह से हुई। ब्राह्मणों को सिल्क के वस्त्रोपवस्त्र, रजतपात्र अर्घसहित, तथा ७५) दक्षिणा दी गयी। श्रीमान् काशीनरेश भी दर्शनार्थ पधारे तथा मन्त्रपुष्पादिक में सम्मिलित होकर यज्ञ को सोत्साह सम्पन्न किया। गोवर्धनपीठाधिपति जगद्गुरु श्री १००८ शंकराचार्य का इसी मध्य में स्वागत तथा सत्कार किया गया।

माघ शुक्ल त्रयोदशी को प्रतिवर्षानुसार वार्षिकोत्सव मनाया गया। जगद्गुरु श्री १०८ संकेश्वर शंकराचार्य द्वारा काशी में संचालित "संकेश्वर पाठशाला" तथा कलकत्ता के समीप उत्तरपाड़ा ग्राम में श्रीमहेशचन्द्र चट्टोपाध्याय के निरीक्षण में चलने वाली 'सामवेद-पाठशाला" शाखाविद्यालय स्वीकार की गई।

इस वर्ष मेहता पं० गिरिधारीलाल जी तथा मेहता पं० मनोहरलाल जी के पुत्रोत्सवों के उपलक्ष्य में अनेक दान पुण्य हुए।

संवत् १९९० का विवरण—

वैशाख शुक्ल में श्रीशंकराचार्य जयन्ती तथा भाद्रपद शुक्ल में श्रीगणेशोत्सव यथापूर्व मनाया गया। श्रीमान् काशीनरेश द्वारा शास्त्रार्थ सभाके लिये प्रदत्त अर्थशास्त्र के प्रश्न को देखकर, सम्मिलित होने वाले विद्वानों तथा छात्रों का उत्साह अत्यन्त वृद्धिंगत हुआ। श्रीमान् नगीनदास पुरुषोत्तमदास संघवी को उनकी धर्म सेवा के लिये मानपत्र दिया गया। सम्मान के द्वारा प्रोत्साहन देकर सद्गुणों का अभिवर्धन करना भी, इस विद्यालय का एक ध्येय है जिसके अनुसार पंढरपुर-निवासी शुक्ल यजुर्वेदीय घनपाठी वे० शंकरभट्ट इन्दापुरकरजी तथा खानदेश के सुप्रसिद्ध तपस्वी गणेशबोवा उपासनी महाराज एवं उनके पुत्र हरिभक्तिपरायण श्रीमुरलीधर बोवा महाराज का सत्कार किया गया।

माघ शुक्ल १३ को प्रतिवर्षानुसार श्रीमान् काशीनरेश की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव यथापूर्व मनाया गया। इस वर्ष श्रीमद्वल्लभ-संप्रदाय के तृतीयपीठाधीश्वर गो० श्री १०८ व्रजभूषणलाल जी (काँकरोली), चतुर्थपञ्चमपीठाधीश्वर गो० श्री १०८ वल्लभलालजी (कामवन), गो० श्री १०८ विट्ठलनाथजी (मथुरा), गो० श्री १०८ पुरुषोत्तम लाल जी (कोटा) ने विद्यालय में पधार कर कार्य निरीक्षण किया तथा हृदय से सन्तोष अभिव्यक्त किया।

इसी प्रकार बिहार के सुप्रसिद्ध विद्वान् पं० ईश्वरीदत्त दौर्गादत्ति शास्त्री ने निरीक्षण कर अपना सन्तोष प्रकट किया।

संवत् १९९१ का विवरण—

प्रतिवर्षानुसार श्री शंकराचार्य जयन्ती तथा गणेशोत्सव यथासमय सम्पन्न हुये। मेहता श्री गोविन्दलालजी के पुत्रोत्सव के उपलक्ष्य में अनेक दान पुण्य हुये। काशी में पधारने के साथ ही जगद्गुरु श्री १०८ काञ्ची कामकोटिपीठाधीश्वर शंकराचार्यका शुभागमन विद्यालय में आश्विन कृष्ण त्रयोदशी को हुआ। श्रीशंकराचार्य का षोडशोपचार पूजन कर १०१) रुपये भेट किये गये।

माघ शुक्ल त्रयोदशी को श्रीमान् काशी नरेश की अध्यक्षता में यथापूर्व वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्री १०८ काञ्चीशंकराचार्य ने भगवत्पाद श्री आद्य शंकराचार्य महाराज तथा श्री काशीनरेश द्वारा प्रदत्त भगवान् वेदव्यास के चित्र का स्थापन किया और अपनी ओर से भी १०८) वर्षाशन देना प्रारम्भ किया। यह घोषणा की गई कि—"शास्त्रार्थ-विचार-पद्धति" के अनुसार यदि कोई विद्वान् वेदों को पौरुषेय सिद्ध कर दे तो उसे ५०००) दिया जायगा।

संवत् १९९२ का विवरण—

इस वर्ष गीर्वाणवाग्वर्धिनीसभा की तरफ से प्रतिनिधियों ने अखिल भारतीय पञ्चमहाभूतपरिषद में वैज्ञानिकोंके समक्ष अपना प्राचीन पक्ष बड़ी दृढता के साथ उपस्थित किया। जिसे मध्यस्थों ने बड़े आदर से स्वीकार किया। वेदशास्त्रसंपन्न पं० मल्लादिराम कृष्ण शास्त्री, पं० काशीनाथ शास्त्री उंबरकर, तथा नागपुर के प्रसिद्ध कीर्तनकार पं० दादाशास्त्री कायरेकर विद्यालय में पधारे और गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा की ओर से उनका सत्कार किया गया। अन्यान्य उत्सवादिकार्य यथासमय पूर्ववत् हुए। इस वर्ष से पं० सीतारामशास्त्री केलकर सांख्ययोगाचार्य ने अपने स्व० पितृचरण के स्मारक में ६१) वर्षाशन देना प्रारम्भ किया।

संवत् १९९३ का विवरण—

इस वर्ष से वसन्तपञ्चमी के दिन "श्री जयदेवाश्रम-स्मृतिसभा' करना निश्चय हुआ। तदनुसार उस दिन पण्डितों की सभा वसन्तपूजा, भक्तिशास्त्रविषयक शास्त्रार्थ, ब्राह्मणभोजनादि कार्य हुए। प०प० श्रीजयदेवाश्रमजीकी विद्यालय पर बड़ी कृपा थी और अपने ब्रह्मीभूत होने के दिन उपर्युक्त कार्योंके लिये आप पर्याप्त निधि दान कर गये हैं अन्यान्य उत्सवादि यथासमय पूर्ववत् हुये। वार्षिकोत्सव के दिन असाध्य जैसे कुष्ठ रोग के संम्बन्ध में अव्यर्थ औषधि के अन्वेषण पर श्रीमान् काशीनरेश के सभापतित्वमें पं० दुर्गादत्त वैद्य को 'रसायन विशारद" की उपाधि दी गई। बाहर से पधारे हुए श्रीकृष्ण माचार्य स्वामीजी, पं०रामकृष्णघनपाठी पं० सदाशिवघनपाठी, पं० रामगोपाल घनपाठी, गुण्डी श्री राजेश्वर शास्त्री और पं० नृसिंहघनपाठीका दक्षिणा तथा विशिष्टव स्त्रप्रदान द्वारा सत्कार किया गया।

सं० १९८४ का विवरण—

इस वर्ष धौलपुर राज्य से महाराज काशीनरेश के पास आयी हुई प्रार्थना के अनुसार महाराज की आज्ञा पाकर गीर्वाणवाग्वर्धिनीसभा ने, विधवाओं की समस्या के संबन्ध में विशिष्ट निबन्ध निर्माण किया, जिसको श्रीमहाराज ने प्रसन्नता-पूर्वक अपनाया। वे श्रीराममूर्ति अय्यंगार घनपाठी नागपुर के दक्षिणामूर्ति विश्वनाथ शास्त्री तथा पं० यज्ञस्वामी दीक्षित सोमयाजी को महावस्त्रादि प्रदान कर सत्कार किया गया। अन्यान्य उत्सवादि कार्य यथासमय हुए तथा श्रीमान् काशी नरेश के सभापतित्वमें वार्षिकोत्सव मनाया गया।

लोकोपकारार्थ पंचक्रोशी के मार्ग में प्रसिद्ध सारंग कूप का जीर्णोद्धार, इस विद्यालय के संचालकों द्वारा किया गया।

संवत् १९८५ का विवरण—

अखिल भारतीय वर्णाश्रमस्वराज्य संघ महाधिवेशन, काशी, में पधारे हुए समस्त आचार्यवृन्द तथा १५५ विद्वानों का स्वागत तथा सत्कार विद्यालय में किया गया और अ०भा०व० स्व०संघ को विद्यालय के संचालकोंने५०१) दान दिया। गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभाकी ओर से वे०श्रीनिवासाचार्य घनपाठी,पं० रामशेष, तिरुवालङ्काड, जिला त्रिचनापली तथा मोर्वीग्रामस्थ पं० कालीदास शास्त्री का सत्कार मानपत्रादि द्वारा किया गया। अन्यान्य उत्सव तथा वार्षिकोत्सव श्रीमान् काशीराज की अध्यक्षता में यथापूर्व हुए।

इस विद्यालय से तैयार हुए विद्वान् पण्डितराज श्रीराजेश्वर शास्त्रीके शिष्य पं० हरिरामशास्त्री शुक्ल न्यायाचार्य न्याय वैशेषिक आदि शास्त्रों का अध्यापन करने के लिये नियुक्त किये गये। आपने अपने गुरु के आदर्शानुसार विना वेतन वा दक्षिणा ग्रहण किये, धर्मार्थ अध्यापन करना इस विद्यालय में स्वीकार किया है। ऐसे विद्वान् ब्राह्मणों का शुद्ध सात्विकभाव विशेष उल्लेखनीय है।

सं० १९८६ का विवरण—

इस संस्था पर अनन्य प्रेम रखने वाले विद्यालय के स्थायी सभापति श्रीमान् काशीनरेश आदित्यनारायणसिंह बहादुर के स्वर्गवास-निमित्त वैशाखकृष्ण प्रतिपदा को विद्यालय में शोक-सभा हुई। गणेशोत्सव के शास्त्रार्थसभा के अन्तर्गत वेदान्त-शास्त्रार्थ-विचार इस वर्ष से शंकर-जयन्त्युत्सव के अवसर पर करना निश्चित हुआ और तदनुसार सम्पन्न किया गया। अपने पूर्वजों के अनुरूप ही इस संस्था पर अनुराग रखने वाले विद्यालयके वर्तमान सभापति श्रीमान् काशीनरेश विभूतिनारायणसिंह बहादुर को उनके राज्याभिषेकके दिन श्रीकाञ्चीकामकोटिपीठाधीश्वर तथा श्रीसंकेश्वरपीठाधीश्वर आचार्यो

के शुभचिन्तन के साथ भगवत्पाद श्रीशंकराचार्यजी का प्रसाद समर्पण किया गया। विजयादशमी के दिन श्रीकाञ्चीकामकोटिपीठाधीश्वर जगद्गुरुजी का शुभाशीर्वादपत्रक, "कामकोट्यनुग्रह" मुद्राङ्कित रत्नकिरीट तथा पट्टवस्त्रादि जगद्गुरुजी की आज्ञानुसार विद्यालय ने श्रीमहाराज को समर्पित किया। शारदीय नवरात्र में "धर्मग्लान्यधर्माभ्युत्थाननिवृत्तिपूर्वकधर्मसंस्थापनकाम" इत्यादि संकल्प से श्रीगौरी गभस्तीश्वर महादेव पर, ११ दिन अहोरात्र निष्काम रुद्राभिषेकानुष्ठान हुआ, जिसमें विद्यालय के अध्यापक तथा छात्रों ने विशेष रूप से सहयोग दिया।

म० म० त्यागमूर्ति पण्डितप्रवर श्रीपञ्चानन तर्करत्न के सभापतित्व में मेहता पं० मुरारीलालजी को 'वेदशास्त्र-संरक्षक" पदवी प्रदान की गई तथा 'विशुद्ध-संस्कृत-विश्वविद्यालय' स्थापन की घोषणा हुई, तदनुसार माघ शुक्ल त्रयोदशी को पुण्याहवाचनपूर्वक वि० सं० वि० विद्यालयकी परीक्षा विद्वानोंके समक्ष प्रारम्भ हुई।

